CMYK

तापमान
अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स
82,429.90
24,924.70

सोना चांदी
95,812
97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, मंगलवार 13 मई 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 347 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## अमेरिका व चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## मुझे वो आंसू याद रहेंगे, जो तुमने कभी नहीं दिखाएः अनुष्का

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## 32 नागरिक हवाई अड्डों पर विमान संचालन शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हिंडन, श्रीनगर, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट और भुज समेत देश के 32 हवाई अड्डों को नागरिक विमान परिचालन के लिए फिर से खोल दिया है। सरकार ने पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर इन हवाई अड्डों पर संचालन 15 मई 2025 को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। अब इस पाबंदी को हटा लिया है। ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरलाइनों से सीधे उड़ान की स्थिति की जांच करें।

### सिंधु जल संधि पर मोदी का साफ इशारा

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान के साथ ही दुनिया को सीधा संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा है कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं। टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते, अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी।


कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। सीजफायर के 51 घंटे बाद पीएम मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। सीजफायर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से न्यूक्लियर धमकी सहन नहीं की जाएगी। भारत की तीनों सेनाएं सभी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं। मोदी बोले कि हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता की सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टेररिज्म के खिलाफ जीरो टालरेंस एक बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है, तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा, इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता। विश्व समुदाय से भी कहूंगा हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो टेररिज्म पर ही होगी, अगर बात होगी, तो पीओके पर ही होगी। मैं एक बार फिर भारत की सेना -शेष पृष्ठ दो पर

### राष्ट्र के नाम पीएम का संबोधन

- मोदी बोले न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा
- अपनी शर्तों पर देंगे करारा जवाब, पाक के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, तीनों सेनाएं अलर्ट पर
- पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी
- पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी
- जिन आतंकियों ने मां- बहनों का सिंदूर मिटाया, उन्हें मिटा दिया, 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए
- पीएम मोदी बोले- पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को हमारी सेना ने नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था



## विराट ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। विराट कोहली के इस फैसले सभी को चौंका दिया है। कोहली ने अपने सोशल मीडिया मंच पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी देते हुए लिखा कि 14 साल बीत गए, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनी थी।

सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, गढ़ा और जिंदगी भर साथ रहने वाले सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि सफेद जर्सी में खेलना बहुत विशेष होता है। वे शांत संघर्ष, लंबे समय तक, और वो छोटे-छोटे पल जिन्हें शायद कोई नहीं देखता, लेकिन ये हमेशा दिल में रह जाते हैं। इस प्रारूप से अलग होना आसान तो नहीं था, लेकिन यह एक सही निर्णय है। मैंने इस प्रारूप को अपना सब कुछ दिया और इसने बदले में मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया, जितनी मैंने कभी उम्मीद भी नहीं की थी। मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा।

# भारत और पाकिस्तान के DGMO ने दूसरी बार की वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को आपस में बातचीत की।

ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों डीजीएमओ ने सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच 10 मई को बनी सहमति के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। भारत की ओर से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बात की। बता दें कि हॉटलाइन पर यह बातचीत पहले दोपहर 12 बजे होनी थी, लेकिन यह बातचीत शाम पांच बजे शुरू हुई। बातचीत के परिणाम के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। इस पर भारत ने बदला लेने के लिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला बोला था। 6 मई की देर रात शुरू हुई भारत की कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचा। इसके बाद उसने शांति का प्रस्ताव रखा। तब पहली बार पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को फोन पर बात कर संघर्ष विराम करने की अपील की थी।

### हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया




**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने सोमवार को कहा कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है। भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो, हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है।



# भारत ने आतंक के खिलाफ दिया सख्त संदेश

## ऑपरेशन सिंदूर से विश्व को सशक्त और निर्णायक संदेश पहुंचा: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि सेना ने देश की रक्षा करने के साथ ही आतंकवादी ठिकानों को तबाह करके समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश दे दिया है।

भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डा. संबित पात्रा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान ने 22 अप्रैल को आतंकवादी घटना के माध्यम से भारत की वीरता और संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस किया। इस पर भारतीय सेना अद्‌भुत साहस का परिचय देते हुए आतंकवाद के गढ़ में घुसी और न केवल देश की रक्षा की, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सशक्त प्रहार भी किया। डा. पात्रा



ने कहा कि बीते कुछ दिनों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को समाप्त किया है, वह अपने आप में न केवल भारत के भीतर बल्कि समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अभियान में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। यह केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं था, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की सेना, वायुसेना, नौसेना और उन सभी जांबाज जवानों का हृदय से आभार प्रकट किया, जिनकी बहादुरी के कारण यह संभव हो पाया।

भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अभियान महानिदेशकों ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में देश को बताया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब पूरी शक्ति और प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में संकोच नहीं करता, बल्कि उसका उत्तर निर्णायक और ऐतिहासिक रूप में देता है। आज का भारत आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक भूमिका निभा रहा है और पूरी दुनिया भारत के इस नए आत्मविश्वास को देख रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 22 अप्रैल की तारीख को देश कभी नहीं भूल सकता। यह दिन एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन था, जब पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की गई। यह कायराना हमला उन आतंकवादियों द्वारा किया गया, जो पाकिस्तान से भेजे गए थे, जिन्हें पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। इस आतंकी हमले में 25 भारतीय नागरिकों के साथ एक नेपाली नागरिक भी शहीद हुए। घटना के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के आधिकारिक दौरे पर थे, लेकिन जैसे ही उन्हें इस आतंकी हमले की सूचना मिली, वह तत्काल भारत लौटे और जनता की भावनाओं को समझा। देशभर की जनता ने एक स्वर में मांग की कि अब आतंकवाद पर निर्णायक हमला होना चाहिए। श्री मोदी ने उसी समय बिहार की धरती से जनता को आश्वासन दिया, हम इस हमले का बदला लेंगे।

## प्रियंका ने संघर्ष में सैनिकों की शहादत पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आतंकवादी के विरुद्ध सेना की करवाई के दौरान शाहिद सैनिकों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वाड्रा ने सोमवार को कहा कि आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्रवाई और पाकिस्तान से सैन्य टकराव के दौरान हमारे कई जवानों की शहादत अत्यंत दुखद है। हमारी सेना के जांबाज सूबेदार पवन कुमार, सिपाही एम मुरली नाइक, लांस नायक दिनेश कुमार, बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, सार्जेंट सुरेंद्र कुमार मोगा, राइफलमैन सुनील कुमार और राजौरी के पुलिस अधिकारी राज कुमार थापा ने देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसके अलावा कई आम नागरिकों ने भी जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि शोकाकुल परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। हम सब अपने शहीदों और उनके परिवारों के सदैव ऋणी रहेंगे।

## मुसलमानों के विकास के बिना देश की तरक्की संभव नहीं

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कौमी तंजीम ने कहा है कि मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता और सरकार को इस संबंध में ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए।

तंजीम के अध्यक्ष एवं सांसद तारिक अनवर ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि इन्हीं सब मुद्दों पर चर्चा करने के लिये राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक 25 मई को यहां बुलाई गई है। इस बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा देश के प्रमुख राजनेता, आमंत्रित बुद्धिजीवी, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थिति में लोगों के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि देश के राजनेता, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और

**■ अखिल भारतीय कौमी तंजीम ने सरकार का ध्यान आकर्षित कराया**

कानूनी विशेषज्ञ एक साथ बैठकर देश की जनता के समक्ष उपस्थित विभिन्न समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में सभी का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभायें। अखिल भारतीय कौमी तंघेम के महासचिव एवं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी मुहम्मद हिदायतुल्ला ने कहा कि देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे हैं और सरकार भी देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने में प्रयासरत दिखती है।

### संक्षिप्त समाचार

#### बसपा ने बुद्ध के आदर्शों पर चलाई सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा है कि बसपा ने भगवान बुद्ध के आदर्शों पर सरकार चलाई है। बुद्ध के अप्प दीपो भव: अर्थात शिक्षित बनो, खुद ऊपर उठो व अपना प्रकाश स्वयं बनो के सिद्धांत पर ही देश आत्मनिर्भर व महान बनेगा। इसी सिद्धांत पर चलकर बसपा ने पहली बार यूपी में कानून द्वारा कानून का राज स्थापित करके सभी को न्याय दिलाया था, जबकि अन्य सरकारों के कार्यकाल में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है।

#### सड़क हादसे में 13 की मौत, 14 घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत सारागांव के पास खरोरा क्षेत्र में रविवार रात सड़क हादसा हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 14 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बंगोली गांव के पास उस वक्त हुआ जब माजदा वाहन और ट्रेलर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। मृतकों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग बाना गांव में एक छठी कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव आरंग के चटौद लौट रहे थे। माजदा वाहन में करीब 50 लोग सवार थे।

#### पत्नी और बेटियों की हत्या के बाद लगाई फांसी

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अचलगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपनी पत्नी और दो बेटियों की हत्या करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि अचलगंज थाने पर सुबह करीब सात बजे सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के साहब खेड़ा गांव निवासी अमित (35) ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घर के एक कमरे में अमित की पत्नी गीता द्ध30ऋ और दो बेटियां उम्र करीब 10 व 06 वर्ष के शव मिले हैं। मृतकों के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नही पाये गये है। प्रथम दृष्टया अमित ने पत्नी व दोनो बच्चियों की हत्या कर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। घटना के सही तथ्यों की जानकारी के लिये शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

## पहलगाम घटना से घाटी हो गई वीरान: उमर

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों की कमर टूट गई, लेकिन इन दोनों घटनाओं का कुछ हद तक पाकिस्तान ने भी फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से घाटी वीरान हो गई है और कश्मीर के पर्यटन को भारी नुकसान हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम की आतंकवादी घटना ने कश्मीर को भारी नुकसान पहुंचाया है। सालों से कूटनीति और आर्थिक स्तर पर हुई कोशिश से यह उपलब्धि हासिल की गई थी, वो सब एक झटके में तबाह हो गई। कश्मीर का पर्यटन उद्योग बर्बाद हो गया। यह सालों की कोशिश के बाद पटरी पर आया था। इस घटना से सब कुछ बदल गया। कुछ भी नहीं बचा। उन्होंने कहा कि इन दिनों घाटी की वादियां पर्यटकों से भरी रहती थी। अर्थव्यवस्था फल-फुल रही होती। बच्चे स्कूल जा रहे होते। एयरपोर्ट पर रोज 50-60 फ्लाइट्स उड़ाने भर रही होती, लेकिन सब बर्बाद हो गया। इस सब में पाकिस्तान ने फायदा उठाया



**■ कश्मीर के पर्यटन को हुआ भारी नुकसान**

है। उसने पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के बहाने कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण कर दिया।

#### पुनर्वास योजना पर भी चर्चा की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को सीमा पार से होने वाली गोलीबा. री की घटनाओं से निपटने और पुनर्वास योजना के लिए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पुंछ में विभिन्न समुदायों के नागरिक समाज के लोगों से बातचीत की और उनके साहस की कहानियां सुनी, मैं उनके हौसले को सलाम करता हूं। मुख्यमंत्री ने एक और पोस्ट में कहा कि हमने इन घटनाओं और पुनर्वास योजनाओं के लिए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की।

### सीएम योगी का बड़ा तोहफा, इसी सत्र से पढ़ाई शुरू

# यूपी में एक साथ खुलेंगे 71 नए कॉलेज

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में कदम उठा रही है और शिक्षा व्यवस्था का बेहतर बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। इसी क्रम में सीएम योगी ने बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि इस शैक्षणिक सत्र 2025-56 में जुलाई महीने से प्रदेश में एक साथ 71 नए राजकीय महाविद्यालय खुलने जा रहे हैं। ये पहली बार जब प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में एक साथ नए महाविद्यालय खोले जाएंगे। उच्च शिक्षा निदेशालय ने अब तक 40 कॉलेजों को हस्तांतरित भी कर दिया है।

इन सभी कॉलेजों के हस्तांतरण को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है, ताकि इस सत्र से ही इन कॉलेजों में पाठ्यक्रम की शुरुआत हो सके। शिक्षा निदेशालय की ओर से अधिकारी छात्रों के बेंच व अन्य साजो-सामान समेत तमाम सुविधाएं जुटाने में लगे हुए हैं। इन महाविद्यालयों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर के 1065 पदों के साथ कुल 1562 पदों पर सीधी भर्ती को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इसके आदेश भी जारी हो जाएंगे। यूपी में जो नए कॉलेज शुरू होने जा रहे हैं, इनमें सबसे ज्यादा बरेली जनपद में हैं। यहां कुल 13 नए कॉलेज शुरू होंगे। इसके बाद दूसरे नंबर पर राजधानी लखनऊ है। यहां 12 महाविद्यालय शुरू होंगे। मेरठ में दस, आगरा और झांसी में 9-9 और गोरखपुर में 4 महाविद्यालय खुलेंगे। इनके अलावा प्रयागराज में दो, सिराथू में एक महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इन सभी कॉलेजों को सरकार ही चलाएगी। प्रदेश में अभी तक 172 राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं, जिनमें से ज्यादातर कॉलेजों में एक या दो वर्ग ही संचालित होते हैं, लेकिन नए कॉलेजों में तीनों आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस वर्ग की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी। इसका मतलब है कि अगर साइंस का छात्र संस्कृत की पढ़ाई करना चाहता है, उसे मौका दिया जाएगा। शिक्षा निदेशक के मुता. बिक मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद 2025-26 के सत्र में एक साथ 71 महाविद्यालयों का संचालन शुरू होगा। ये अपने आप में ऐतिहासिक है।



**■ सबसे ज्यादा बरेली में 13 कॉलेज खोले जाएंगे, जबकि मेरठ में दस कॉलेजों का निर्माण होगा, राजधानी में 12 कॉलेज शुरू किए जाएंगे**

## आईएफजे के अध्यक्ष डा. के. विक्रम राव का निधन, योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आईएफडब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के. विक्रम राव का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। डा. राव सांस संबंधी समस्या से ग्रसित थे। हालत गंभीर होने पर आज सुबह उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्होने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर 703, पैलेस कोर्ट अपार्टमेंट माल एवन्यू में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है, जहां बड़ी संख्या में पत्रकारों, राजनेताओं का पहुंचना जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारिता के पुरोधा डा. राव के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। डा. राव रविवार को ही मुख्यमंत्री से मिले थे।

## संवाद से ही हासिल होगा कारोबारी और जीवन सुगमता का लक्ष्य: सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद और संवाद के माध्यम से ही समस्याओं का निराकरण कर कारोबारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और जीवन सुगमता, ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। योगी सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नगरीय सेवा केंद्र अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकें। कॉमनमैन, आमजन की अधिक से अधिक सुनवाई कर सकें, यही लोकतंत्र की सफलता का मूल है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 14.22 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सिर्फ सामान्य नागरिक के तौर पर नहीं देखा जाता है बल्किजनता जनार्दन कहकर संबोधित किया जाता है। हमें लोकतंत्र की इसी भावना को अंगीकार कर आगे बढ़ना होगा।

योगी ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत वर्ष में इसने 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब यह जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। पहले गोरखपुर की स्थिति एक नगर पंचायत जैसी रही होगी। विकास यात्रा में अब नगर निगम के स्वरूप में इसकी गिनती प्रदेश के बड़े महानगरों में होती है। रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन विकास, सफाई-स्वच्छता वंचितों के लिए बेहतरीन सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के पांच करोड़ लोगों के लिए शिक्षाए चिकित्साए कारोबार और रोजगार का केंद्र है।

### अर्थ व्यापार

## युद्धविराम से शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**

भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स जून 2024 के बाद की सबसे बड़ी 2975.43 अंक अर्थात 3.74 प्रतिशत की तेजी के साथ पांच महीने के उच्चतम स्तर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,429.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 13 दिसंबर 2024 को यह 82,133.12 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 916.70 अंक यानी 3.82 प्रतिशत की छलांग



लगाकर 24924.70 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 3.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ 43,731.60 अंक और स्मॉलकैप 4.18 प्रतिशत उछलकर 48,693.75 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4254 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3545 में लिवाली जबकि 576 में बिकवाली हुई, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3010 कंपनियों के शेयरों में से 2612 में तेजी जबकि 329 में गिरावट रही वहीं 67 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार हाल के दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर खरीददारी प्रमुख पहचान बनकर उभरी है। 08 मई को समाप्त हुए 16 कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने एक्सचेंजों के माध्यम से कुल 48,533 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। हालांकि 9 मई को भारत.पाक तनाव के चलते 3,798 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई। लेकिन अब जबकि युद्धविराम की घोषणा हो चुकी है, तो बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि एफआईआई द्वारा भारत में इक्विटी निवेश की गति एक बार फिर तेज हो सकती है। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की शुरुआत में एफआईआई का रुख बिक्री की ओर था।

## 'माइनस 5 - प्लस 10' के सूत्र के साथ होगी धान की खेती

**नई दिल्ली।** देश में प्रमुख खाद्यान्न धान की खेती के लिए 'माईनस 5 - प्लस 10' के सूत्र के साथ एक योजना तैयार की गई है जिसमें रकबा घटाया और उत्पादन बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'माइनस 5 और प्लस 10' फॉर्मूला भी पेश किया है जिसमें कहा गया धान की खेती के क्षेत्र को पांच मिलियन हेक्टेयर कम करते हुए उसी क्षेत्र में चावल उत्पादन को 10 मिलियन टन बढ़ाना शामिल है। अधिकारियों और कृषि विज्ञानियों ने बताया कि इस योजना दलहन एवं तिलहन की खेती के लिए खाली जगह प्राप्त होगी। धान का रकबा 50 लाख हक्टेयर घटना और उत्पादन एक करोड़ टन बढ़ाना है।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 3790 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.75 सेंट उबलकर 50.32 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।



दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पानी और खून...**

और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। मैं भारतवासियों के हौसले, एकजुटता, संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींच दी है। न्यू नॉर्मल कर दिया है। पहला, आतंकी हमला हुआ, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वॉरफेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वॉरफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है। पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वॉर की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा, पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद किसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा चुके थे, आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था, आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, जब भारत ने उस पर विचार किया। मैं फिर दोहरा रहा हूं हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो आगे क्या रवैया अपनाता है। भारत की एयरफोर्स, आर्मी और नौ सेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बल अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। साथियों भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला, तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानें एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं।

दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है ,तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनी. तिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्‌भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को। पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों को हमारी खुफिया एजेंसियों को वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं, हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंगओवर पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महर्षि वाल्मीकि सरोवर में शव मिलने से सनसनी

## नगर पंचायत ने बनवाया था सरोवर, बोट भी चलाते हैं लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर पंचायत के समीप महर्षि वाल्मीकि सरोवर में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को बाहर निकालकर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया मगर शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। नगर पंचायत के समीप नगर पंचायत द्वारा महर्षि वाल्मीकि सरोवर बनाया गया था जिसमें लोग वोट भी चलाते थे इस सरोवर में सोमवार शाम एक व्यक्ति का शव पानी में तैरता दिखाई दिया जिसकी सूचना लोगों ने थाना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तथा शिनाख्त करने का प्रयास किया मगर उसकी कोई शिनाख्त नहीं हो सकी थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया की इस व्यक्ति की उम्र लगभग 45 वर्ष है जिसने लाल टी-शर्ट तथा काले रंग का लोअर पहन रखा है शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस मैं रखवाया जा रहा है। शव मिलने की सूचना से देरशाम तक क्षेत्र में चर्चा रही।

# न्यायपालिका को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में अहम योगदान कर गए खन्ना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश के प्रधान न्यायधीश संजीव खन्ना आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनका कार्यकाल बहुत बड़ा नहीं रहा लेकिन निर्णय बड़े रहे। उन्होंने न्यायधीशों की सम्पत्ति की सूचना सार्वजनिक करने की पहल की है। जिसका आने वाले समय में अच्छा परिणाम देखने को मिल सकता है। इसके अलावा हाईकोर्ट के न्यायधीश यशवंत वर्मा के मामले को उन्होंने दबाने के बजाय उसे उजागर किया जांच रिपोर्ट उजागर की और माना की जस्टिस वर्मा भ्रष्टाचारी है और उन्हे इस्तीफा देने की सलाह दी।



जब जस्टिस वर्मा इसके लिए तैयार नहीं हुए तब सीजेआई खन्ना ने अभूतपूर्व निर्णय लेते हुए भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष को जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने हेतू पत्र लिखा। जब वह सीजेआई बने तो चर्चा चल रही थी कि कार्पोरेट जगत से आते है इसलिए आम आदमी की सुनवाई नहीं होगी लेकिन इसके विपरीत उनके समय में भी आम आदमी से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर लगातार संज्ञान लिया गया। यही नहीं कुछ मीडिया घरानों ने यह भी चर्चा चलाई थी कि श्री खन्ना के चाचा जी को पूर्व प्रधानमंत्री इंदि. रा गांधी ने समुचित सम्मान नहीं दिया था। जिसका अर्थ निकल रहा था कि वह सरकार के पक्ष में कार्य करेंगे। लेकिन यह एक इत्तेफाक ही रहा कि उनके कार्यकाल में सरकार के लगभग हर कदम की आलोचना देश की सर्वोच्च अदालत में होती दिखाई दी। सीजेआई पद की एक गरिमा होती है। यह उन्होंने साबित करके दिखाया बहुत थोड़े कार्यकाल में बहुत ज्यादा की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये लेकिन जो श्री खन्ना कर गये वह भी कम नहीं है। शाह टाइम्स परिवार उनके दीर्घआयू की कामना करता है साथ ही अपेक्षा करता है कि आने वाले सीजेआई बीआर गवई भी सुप्रीमकोर्ट की गरिमा को नये आयाम देंगे।

# नहर में डूबे धर्मवीर का नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के समीप मध्य गंगा नहर में डूबे हुए युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है पीएसी के गोताखोर मोटर बोट से उसकी तलाश कर रहे हैं वहीं दर्जनों ग्रामीण रविवार रात से ही मौके पर जमे हुए हैं। किना नगर थाना भावनपुर निवासी धर्मवीर पुत्र पीतम सिंह उम्र 22 वर्ष रविवार दोपहर अपने साथियों के साथ मध्य गंग नहर में नहाने आया था जहां बैठकर सभी दोस्तों ने एंजॉय किया तथा पूठी रेगुलेटर के पास नहर में नहाने लगे इसी बीच धर्मवीर नहर में डूब गया इससे दोस्तों में अफरा तफरी मच गई सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने प्राइवेट गोताखोर बुलाकर उसकी तलाश की मगर पूरी रात उसका कोई सुराग नहीं लग सका थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह भी फोर्स के साथ तभी से मौके पर जमे हुए हैं। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि नहर में पानी कम कर दिया गया है वहीं हर पुल पर निगरानी की जा रही है पीएसी के गोताखोर भी सोमवार से मोटर बोट द्वारा युवक की तलाश कर रहे हैं वहीं युवक के नहर में डूबने से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है तथा दर्जनों ग्रामीण व रिश्तेदार मौके पर जमे हुए हैं।

# किठौर तिराहे पर दृष्टि आई क्लीनिक ने लगाया आंखों का शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के किठौर तिराहे पर दृष्टि आई क्लीनिक द्वारा एक दिवसीय निशुल्क आंखों के शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 250 मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाई वितरित की गई। शिविर का उद्घाटन चेयरमैन हिटलर त्यागी व इमाम मोहम्मद आरिफ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

शिविर में 250 मरीजों की जांच हुई जिसमें 45 मरीजों को मोतिया बिंद पाया गया। वहीं डाक्टर तौफीक राजा खान ने बताया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन व चश्मा में छूट दी जाएगी। इस मौके पर कारी स्माइल, बिलाल कुरैशी, तनवीर खान, अनस, साहिल, अमन, महावीर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# जावेद अली के शतक से जीता सिवालखास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में जमालपुर मार्ग पर स्थित नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर पर चल रहे याद ए हकीम मुस्तकीम क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को सिवालखास व मवाना की टीम के बीच मैच खेला गया।

जिसमें सिवालखास ने मवाना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. खुशनसीब व अध्यक्ष साईम रिजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि अवेंजर्स किंग मवाना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 163 बनाए। अवेंजर्स किंग मवाना की ओर से आकिब ने 57 व गौरव कुमार ने 54 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सिवालखास चैंपियन की तरफ से ओपनर बल्लेबाज जावेद अली ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए 38 बोल में शतक लगाया। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में महज 40 गेंद में 102 रनों की नाबाद पारी खेली जिसमें 12 छक्के व चार चौके शामिल हैं। सिवालखास चैंपियन टीम ने 13.1 ओवर में एक विकेट खोकर 164 रन का स्कोर बनाकर जीत हासिल की। जावेद अली को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोज. कों ने उन्हें ट्रॉफी व पुरुस्कार राशि देकर सम्मानित किया। सिवालखास चैंपियन टीम के ओनर आजम रिजवी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मास्टर रिहान, डॉ. बिलाल, मोहन सैनी, शाही अब्बास, मुन्ना, हाफिज अजमल, रमीज रिजवी, बिलाल रिजवी, शादाब कुरैशी, मोहित शर्मा, यादराम जाटव आदि मौजूद रहे।

# सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्ट्डीज में हुआ बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम

**■ प्रेम करूणा, मैत्री व सद्भावना एवं शांति के भाव से समाज के भेदभाव होंगे समाप्त: डॉ. अतुल कृष्ण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्ट्डीज में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बोधि उपवन स्थित प्राचीन बोधि वृक्ष के नीचे बौद्ध विद्वानों द्वारा विशेष पूजा अर्चना व ध्यान क्रिया की गई एवं विवि परिसर में भिक्षुओं द्वारा आध्यात्मिक यात्रा निकाली गई। साथ ही कार्यक्रम में बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों और धम्म के सिद्धांतों पर गहन चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के सलाहकार डॉ. हिरो हितों ने की। उन्होंने बुद्ध के जीवन दर्शन, करुणा, अहिंसा और शांति के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं विभाग अध्यक्ष डॉ. चंद्र कीर्ति भंते ने बुद्ध पूर्णिमा को आत्मचिंतन, सेवा और मानवता की ओर अग्रसर होने का पावन अवसर बताया। डॉ. हिरो हितों ने अपने उद्बोधन में कहा कि तथागत बुद्ध का मार्ग आज भी समसामयिक है और वर्तमान समाज को हिंसा, असहिष्णुता और अज्ञानता से मुक्त कराने में सहायक हो सकता है। उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्ट्डीज द्वारा तथागत बुद्ध की शिक्षा व आदर्शों से मानव कल्याण की दिशा में विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया जा रहा है। सुभारती में देश विदेश के विद्यार्थी तथागत बुद्ध की शिक्षा से लाभान्वित हो रहे है। आयोजन के अंत में बुद्ध वंदना और ध्यान सत्र का आयोजन हुआ, जिसने उपस्थित सभी जनों को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस विशेष अवसर पर सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने समस्त देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की मंगलकामनाएं दी। उन्होंने प्रेम, करूणा, मैत्री, सद्भावना, समन्वय एवं शांति के भाव को समाज में फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने और सभी के साथ समानता का व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर कुल. पति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णा मूर्ति ने बुद्ध पूर्णिमा की सुभारती परिवार की ओर से सभी को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. पल्लबी मुखर्जी, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. मुकेश मेहता, डॉ. शरणपाल सिंह, भंते विमल बोधि, डॉ. पिंटू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नानू फतेहपुर गांव में बौद्ध पंचशील के परिवार ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**■ जीवन में हजारों लड़ाई जीतने से बेहतर है स्वयं पर विजय प्राप्त करना: बुद्ध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भीषण गर्मी को देखते हुए सोमवार को नानू फतेहपुर गांव में बौद्ध पंचशील जनकल्याण समिति द्वारा बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाई गई। जिसमें समिति के द्वारा राहगीरों को मीठा जलपान भी कराया गया तथा सभी को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं भी दी। समिति के अध्यक्ष प्रवीण राजवंश ने कहा कि तथागत बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक है बुद्ध के विचार पूर्णत: वैज्ञानिकता पर आधारित वास्तविक सत्य है जो तर्क की कसौटी पर खरे उतरते है। बुद्ध ने कहा कि जीवन मे दु:ख सत्य है जिसमें जन्म, मृत्यु, बीमारी और असंतोष शामिल है। दु:ख का कारण है और इस दु:ख का अंत भी किया जा सकता है जिसके लिए दु:ख निवारण मार्ग है बुद्ध ने दुखो को दूर करने के लिए अष्टांगिक मार्ग बताया तथा जीवन को सुखमय बनाने के लिए पंचशील के सिद्धांत को अपनाने को कहा। जिसमें अहिंसा, चोरी न करना, व्यभिचार न करना, झूठ न बोलना तथा नशा न करना। अमित सागर ने कहा कि बुद्ध के अनुसार इंसान जैसा सोचता है वह वैसा ही बन जाता है कोई मुनष्य बुरी सोच के साथ बोलता या काम करता है तो उसे कष्ट ही मिलता है। वहीं कोई व्यक्ति शुद्ध विचारों के साथ काम करता है तो उसे जीवन मे खुशियां मिलती है। ओमदत्त कुमार और सरदेश ने कहा की बुद्ध ने कहा है कि जीवन मे हजारो लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है, जैसे छत पर पानी रखना पक्षियों के लिए ऐसे समय बहुत ही पुन्य का काम है और किसी प्यासे को पानी पिलाना भी खुश रहने का अच्छा तरीका है। दीपक, अजीत, अरुनकान्त, रामानंद, अमनसिंह, ब्रजलाल, सतेंद्र, रजत, कुसुम आदि मौजूद रहे।



शरबत का वितरण करते बौद्ध पंचशील परिवार के सदस्य।

# लावड़ पुलिस चौकी पर एक महीने में दूसरी बार एसएसपी ने की कार्रवाई

**■ आसपा नेता वाईज अब्बास व शाहजेब ने चंद्रशेखर से कराई थी पीड़ित की बात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** एसएसपी विपिन टाडा ने मात्र एक महीने के अंदर दो बार लावड़ चौकी पर कड़ी कार्यवाही की जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। आपको बता दें कि लगभग एक माह पहले क्षेत्र में गौकशी की बढ़ती घटनाओं को लेकर एसएसपी विपिन टाडा ने पूरी लावड़ चौकी सहित इंचौली थाना प्रभारी अतुल कुमार को भी निलंबित कर दिया था। जिसके बाद नितिन पांडेय को इंचौली थाना प्रभारी व इंद्रेश विक्रम सिंह को लावड़ चौकी प्रभारी बनाया गया था। लेकिन मात्र 15 दिन बाद ही कस्बे में एक दलित परिवार की महिलाओं पर लाठीचार्ज करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

जिसमें कुछ पुलिसकर्मी दलित समाज की महिलाओं को दौड़ा दौड़ाकर पीट रहे है। इस घटना की जांच एसपी क्राइम कर रहे हैं। इस घटना को लेकर तमाम विपक्षी पार्टियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की ओर हर संभव मदद का आश्वाशन दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता सैय्यद रिहानुद्दीन, सपा विधायक अतुल प्रधान, बदर अली आदि ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर उनका हाल चाल जाना। वहीं रविवार को कस्बे में आजाद समाज पार्टी के नेता वाईज अब्बास रिजवी व शाहजेब रसूलपुर काफी संख्या में

**शनिवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान भी पहुंचे थे कप्तान आफिस**



कार्यकर्ताओं के साथ रविवार की देर शाम पीड़ित सुशील व सुनील के परिवार से मिले, उन्होंने आसपा के अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद से वीडियो कॉल पर उनकी बात कराई उन्होंने लगभग आठ मिनट चली वार्ता में कहा कि वो पीड़ित परिवार के साथ है और कहा कि अगर उच्च अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो वो बड़ा आंदोलन करेंगे। वहीं देर रात एसएसपी ने लावड़ चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह, उप निरीक्षक पवन सैनी, उप निरीक्षक सुमित गुप्ता, कांस्टबल वसीम व इंचौली थाना प्रभारी नितिन कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर अपनी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दे दिया।

# कांग्रेसियों ने एक दीपक शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों सूबेदार पवन कुमार, सिपाही एम. मुरली नाइक, लांस नायक दिनेश कुमार, बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, सार्जेंट सुरेंद्र कुमार मोगा, राइफलमैन सुनील कुमार, और राजौरी के अधिकारी राज कुमार थापा को दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही हालिया सैन्य टकराव में शहीद हुए अन्य जवानों और आम नागरिकों की शहादत को भी नमन किया गया। कार्यक्रम का समापन दो मिनट के मौन रखकर किया गया।



महानगर अधयक्ष रंजन शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि देश शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखेगा भारत मां की रक्षा मे बलिदान होने वाले एक एक सैनिक और आम नागरिकों के साथ पूरा देश एकजुटता के साथ खड़ा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर, सलीम खान, आदित्य शर्मा, मतन सिंह डेड़ा, महेंद्र शर्मा, फेज अहमद, सेवादल जिलाध्यक्ष विनोद सोनकर, रोहित पारासर, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार, महेंद्र गुर्जर, डॉ. अशोक आर्य, शोएब साबरी, सलीम पठान, हाजी यूनुस, इरशाद मवाना, देशपाल गुर्जर, अवधेश बिहारी सक्सेना, नईम राणा, रीना शर्मा, अफसा, के. डी. शर्मा, मणि शंकर शर्मा, फुरकान अंसारी, आरिफ राजपूत आदि मौजूद रहे।

# सौरभ राजपूत हत्याकांड मामले में पुलिस ने कोर्ट में दाखिल की एक हजार पेज की चार्जशीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र में सौरभ राजपूत हत्याकांड तीन मार्च को हुई थी जिसमें मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला दोनों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था पुलिस को मामले की जानकारी 18 मार्च को मिली। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। देश को हिला कर रख देने वाले सौरभ राजपूत हत्याकांड में आरोपियों को सलाखों के पीछे और अंजाम तक पहुंचाने के लिए पुलिस लगातार उन पर कार्यवाही में जुटी हुई थी। इसी कड़ी में पुलिस की तरफ से आरोपी मुस्कान और साहिल के खिलाफ कोर्ट में एक हजार पेज की चार्जशीट सबमिट की गई है। जिसमें लगभग 50 लोगों को गवाह बनाया गया है।

सौरभ राजपूत हत्याकांड की जांच कर रहे केस के विवेचक आज एक हजार पेज की चार्जशीट का पुलिंदा लेकर कोर्ट में पहुंचे। जहां उन्होंने मुस्कान और साहिल के खिलाफ चार्जशीट सबमिट की। इस चार्जशीट में 10 पुलिसकर्मियों सहित करीब 50 लोगों को गवाह बनाया गया है। उस होटल का स्टाफ भी शामिल है, जिसमें मुस्कान और साहिल ठहरे थे। इसी के साथ मुस्कान के मां-बाप भी इस केस में मुस्कान और साहिल के खिलाफ गवाह बनाए गए हैं। एसएसपी का दावा है कि चार्जशीट में कोई भी एंगल ऐसा नहीं छोड़ा गया है, जिससे मुस्कान और साहिल को किसी प्रकार की राहत मिल सके। गौरतलब है कि सौरभ राजपूत हत्याकांड में आरोपी सौरभ की पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला की जमानत याचिका कोर्ट पहले ही खारिज कर चुकी है। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के सौरभ राजपूत की पत्नी मुस्कान का प्रेम प्रसंग साहिल शुक्ला के साथ चल रहा था। तीन मार्च की रात साहिल और मुस्कान ने बेरहमी के साथ सौरभ की हत्या करके उसके शव के कई टुकड़े करने के बाद ड्रम में डालकर सीमेंट से सील कर दिया था। इस वारदात को अंजाम देने के बाद मुस्कान और साहिल शिमला घूमने चले गए। वापस लौटने पर मुस्कान ने अपने परिजनों और पुलिस को गुमराह करते हुए सौरभ की हत्या की सूचना दी थी।






# चेयरमैन के साथ दुर्व्यवहार पर लोगों का हंगामा

## बिजली कटौती को लेकर देर रात बिजलीघर पहुंचे थे अशोक कुमार सैनी, एसएसओ पर लगाए आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** पिछले एक सप्ताह से अघोषित बिजली कटौती को लेकर बिजलीघर पर पहुंचे चेयरमैन अशोक कुमार सैनी के साथ विद्युत कर्मचारी द्वारा दुर्व्यवहार के मामले में देर रात गुस्साए लोगों ने बिजलीघर पर तैनात एसएसओ पंकज कुमार को हटाने व 24 घंटे नगर में आपूर्ति की मांग को लेकर बिजलीघर पर जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। हंगामा की सूचना पर थाना प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी मय फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने चेयरमैन को मनाने का काफी प्रयास किया लेकिन उन्होंने मौके पर विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग की। तब जाकर एसडीओ कृष्ण मुरारी बिंद, जेई अशोक कुमार व उनके साथ आधा दर्जन अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने उन्हें बताया कि कस्बे की विद्युत आपूर्ति पिछले कई दिनों से बाधित चल रही है इसको लेकर वह देर रात करीब 9:30 बजे बिजलीघर पर आपूर्ति बहाल करने के लिए पहुंचे। वहां तैनात एसएसओ पंकज कुमार से नगर की आपूर्ति के बारे में जानकारी मांगने पर उसने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इसको लेकर चेयरमैन के साथ मौजूद लोगों में कर्मचारी के खिलाफ आक्रोश पनप गया। मामला नगर में आग की तरह फैल गया जिससे नगर के सैकड़ों लोग और सभी सभासद और नगर पंचायत के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने यह भी बताया कि नगर में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति रहती थी लेकिन पिछले कई दिनों से बिजली विभाग द्वारा कस्बे की आपूर्ति पूरे दिन बंद रहती है। मात्र दिन भर में दो या तीन घंटे की सप्लाई चलती है जिस कारण नगर की पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। नागरिकों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। लोगों को बहुत भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के खेत में खड़ी फसल सूख रही है। कस्बे के व्यापारियों के रोजगार प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों के व्यापार बंद होने के कगार पर पहुंच गए। सभी अधिकारियों ने बड़े मुश्किल से अध्यक्ष को समझा बुझाकर शांत किया और आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर रात दो बजे धरना समाप्त हुआ। इस संबंध में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी द्वारा कर्मचारी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित तहरीर दी गई है। इस दौरान प्रदीप बिश्नोई, विवेक सैनी, सपा नेता सभासद मोहित तोमर, कृष्ण गोपाल उर्फ पप्पू सैनी, आयुश सैनी, छात्र नेता प्रशांत खटीक, आकाश खटीक, महावीर शास्त्री, सभासद वकार आलम, सभासद सोनवीर, सभासद मुकेश कुमार, रविंद्र सभासद, सुरेंद्र सभासद, विकास प्रधान, रवि दत्त, राजेश वाल्मीकि, मानसिंह, धर्मवीर सैनी, मास्टर अरुण बिश्नोई, चंद्रबोस, राहुल, मेघराज आदि सैकड़ो कार्यकर्ता बिजली घर पर धरने पर बैठे रहे।

# एमएसबी इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** मलखान सिंह भारद्वाज मार्ग स्थित एमएसबी इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन को खास बनाने के लिए छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर कई भावनात्मक और रचनात्मक गति. विधियां प्रस्तुत कीं, जिनमें मातृत्व के महत्व और मां की भूमिका को खूबसूरती से दर्शाया गया।

कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य उमेश कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रेरणादायक भाषण के साथ की। उन्होंने कहा, मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं। उनका प्रेम और त्याग अनमोल है। हमें हर दिन उनके योगदान को याद करना चाहिए। उनका यह संदेश सभी छात्रों के दिलों को छू गया। इस अवसर पर छात्रों ने एक सुंदर नाटय प्रस्तुति दी, जिसमें मां के संघर्ष, समर्पण और निश्छल प्रेम को दिखाया गया। यह प्रस्तुति इतनी भावुक थी कि कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम में कविता पाठ, कार्ड मेकिंग, और पोस्टर मेकिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। छात्रों ने अपनी माताओं के लिए खास संदेश लिखे और उन्हें मंच से समर्पित किया। एमएसबी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डाक्टर राजीव भारद्वाज ने छात्रों को यह बताया गया कि मां केवल एक रिश्ते का नाम नहीं, बल्कि एक भावना है जो हमें जीवनभर प्रेरित करती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शशि शर्मा, रवींद्र शर्मा, विभा शर्मा, आभा शर्मा, आभा चौहान, वंदना पंवार, मनोज चौहान, विकास, नीरज चौधरी, प्रीति तोमर, शालिनी गोयल, सोनू शर्मा व अन्य सभी शिक्षकगण ने सहयोग दिया। कार्यक्रम का समापन सभी छात्रों द्वारा मां को समर्पित एक समूह गीत के साथ हुआ, जिसने माहौल को और भी भावनात्मक बना दिया। स्कूल ने यह सुनिश्चित किया कि इस मदर्स डे पर हर छात्र अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त कर सके।

# विद्यार्थियों की नींव मजबूत करने व सही दिशा दिखाने से बढ़ती हैं सफलता की संभावनाएं: शिक्षाविद् मावरा जमन

## यूनिटी एजुकेशन हब, खिदमाह वेलफेयर सोसायटी द्वारा जीके प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूनिटी एजुकेशन हब, खिदमाह वेलफेयर सोसाइटी ने हैप्पी चाइल्ड स्कूल, उमर नगर, मेरठ में जीके प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि आईआरएस शाहिद अली सिद्दीकी ने कहा कि देश के बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों की योग्यता और लगन महत्वपूर्ण है। अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक प्रशिक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। दूसरा, बच्चों की काउंसलिंग ताकि वे अपने लिए लक्ष्य निर्धारित कर सकें कि उन्हें किस दिशा में आगे जाना है और इसके लिए उन्हें कितना प्रयास करना है। अध्यक्ष पद का दायित्व निभा रहे मेजर अतीक ने कहा बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं आप निश्चित रूप से सफल होंगे। मैं और मेरे कई दोस्त ऐसे हैं जिन्होंने ईश्वर पर पूरा भरोसा रखा, बड़े सपने देखे, कड़ी मेहनत की और सफल हुए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. ताबिश फरीद ने कहा कि जीके प्रतियोगिता के माध्यम से हम बच्चों को आत्मविश्वासी बनाना चाहते हैं। मालिन बस्तियों में चल रहे स्कूलों की खस्ता हालत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं, उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल रही है। यहां कौशल की कोई कमी नहीं है हमें अपने सभी शैक्षणिक संस्थाओं का ध्यान रखना होगा। हम चाहते हैं कि हर बच्चे को प्रगति का पूरा अवसर मिले। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् मावरा जमन ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की नींव मजबूत करने और उन्हें सही दिशा दिखाने से भविष्य में उनकी सफलता की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे कार्यक्रम समय की मांग हैं। विशिष्ट अतिथि रियासत अली एडवोकेट और अंसार फाउंडेशन के नायाब आलम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रबंधन का कार्यभार उर्दू शिक्षक संघ के राज्य संयोजक मुहम्मद साबिर खान ने संभाला। हैप्पी चाइल्ड स्कूल की निदेशक मुस्कान सरफराज ने सभी का आभार व्यक्त किया। कामरान सिद्दीकी, मौलाना अब्दुल हद, फरहीन खान, जुबैर अंसारी, मतीन अंसारी, सलाहकार साहब, वाइजा खान, अर्श आलम, मौलाना रिजवान, डॉ. शोएब, आफाक अहमद खान, डॉ. इरशाद, एडवोकेट खालिद सैफी, सरफाज, अतीक सैयद इब्राहिम, सैयद इस्माइल और शहर के सम्मानित लोग शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में आईआरएफ एकेडमी जाहिदपुर, एमएएचएस स्कूल अहमदनगर, समर स्कूल गोला कुआं, हैप्पी चाइल्ड स्कूल उमर नगर, नेशनल एकेडमी जाकिर कॉलोनी और इस्माईल पब्लिक स्कूल कोतवाली थाना के लगभग 200 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

# भाजपा की बैठक कमल किशार के आवास पर सम्पन्न




**कोसी कलां।** भारतीय जनता पार्टी कोसी की एक बैठक कमल किशोर वाष्णेय के आवास पर आहूत की गई जिसमें जिलाध्यक्ष ने नवीन कार्यकारिणी बनाने को लेकर दिशा निर्देश दिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक कमल किशोर वाष्णेय के आवास पर हुई जिसमें जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय जिला महामंत्री सतपाल चौधरी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए बैठक में बोलते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा की मण्डल की कार्यकारिणी के गठन में 19 कार्यकर्ता पदाधिकारी होंगे पूरी टीम 61 लोगो की होगी जिसमें सभी पदाधिकारी सक्रिय सदस्य होने अनिवार्य है कार्यकारिणी में महिलाओ को भी समलित किया जाए श्री पांडेय ने कहा की सभी वार्डो से एक व्यक्ति को कार्यकारिणी में जोड़ा जाए सभी तेरह सेक्टरों में से पदाधिकारी बनाये जाए ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा की हमारी एकता ने पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया आज अपने देश के साथ अन्य देशों में भी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चर्चाएं हो रही है सतपाल चौधरी ने कहा की कार्यकारिणी में पुराने कार्य कर्ताओ के साथ नए लोगो को स्थान दे जो देश की सबसे बड़ी पार्टी जिसके करोड़ो सदस्य है और देश विदेश में भारत का परचम फेराने वाले देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी है बैठक में निर्भय पांडेय कमल किशोर वाष्णेय धर्मवीर अग्रवाल सतपाल चौधरी कन्हैया लाल गोयल सौरभ जैन महावीर पटेल अजय गोइन्का अमर सिंह पोनिया भगवत गुप्ता विनय उपाध्याय हरेंद्र ठाकुर टिंकुर अग्रवाल नेम चंद गर्ग राज. श घी वाले अनिल भातु पवन शर्मा गिरधारी ठाकुर जवाहर सिंह हुकम चन्द अग्रवाल स्वेता जैन अजय अग्रवाल ओम प्रकाश सैनी प्रेम सिह कोली धर्मेंद्र सैनी मयंक ठाकुर संजय मौजूद रहे।

# चेयरमैन को गोवर्धन के विकास में सहयोग का अश्वासन



**गोवर्धन।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पैदल गिरिराज सप्तकोसीय परिक्रमा करने के लिए यहां पहुंचे थे। जब वे जतीपुरा से होकर पुनः परिक्रमा लगाते हुए गोवर्धन वापस लौट रहे थे तो गोवर्धन नगर पंचायत चेयरमैन श्रीमति प्रभा देवी शर्मा ने अपने निवास पर उनका भव्य स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

रविवार रात उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मांट विधायक राजेश चौधरी सहित गिरिराज महाराज की पैदल परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग में गोवर्धन चेयरमैन के आवास पर चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा व संदीप कौशिक ने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का दुपट्टा ओढ़ा कर स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा से धार्मिक नगरी के विकास पर चर्चा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। धार्मिक यात्रा के दौरान उनके साथ दर्जनों समर्थक व भाजपा कार्यकर्ता साथ थे। इस अवसर पर मांट विधायक राजेश चौधरी, वृन्दावन के पूर्व चेयरमैन भाजपा नेता मुकेश गौतम, नीमगांव प्रधान जुगल पटेल, पूर्व प्रधान सुरेंद्र चौधरी, भाजपा नेता सुशील अग्रवाल, विष्णु सैनी, आदि साथ थे।

# बौद्ध गया का अधिकार बौद्धों को सौंपा जाए




**मथुरा।** आज गौतम बुद्ध के आविर्भाव दिवस, महा परिनिर्वाण (त्रिविध )दिवस पर समता फाऊंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति के तत्वावधान में अजय सनवाल के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर बोधगया महाबिहार पर बौद्धों का स्थाई रूप से अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर 7 सूत्रीय खुला मांग पत्र बिहार के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री नाम डिप्टी कलेक्टर कंचन गुप्ता को सौंपा गया। धरना प्रदर्शन के दौरान हाथों में बोधगया मुक्ति बोधगया बचाओ अनुच्छेद 25 का पालन करने की मांग के स्लोगन लिखी तख्ती लेकर गगन भेदी नारे लगाते हुए दोनो संगठनों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी चल रहे थे। इस मौके पर सपा नेता रमेश सैनी एवं महासचिव नरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा बिहार सरकार बीटी एक्ट को तत्काल निरस्त करें और महाबोधि विहार को अन्य धर्म के अनुयाई की बात अनुच्छेद 25 का पालन करते हुए बौद्धों को महाबोधि विहार का अधिकार सौंपा जाए। लुकेश कुमार राही ने कहा देश की राज्य एवं केंद्र सरकार धार्मिक आजादी का उल्लंघन करवा रही है। प्रदर्शन के दौरान धनीराम बाबा प्रधान ,बृजलाल कामरेड, नरेश चौधरी,हरेंद्र कुमार बंटी, उमेश पाल बौद्ध, एस एन भारती,नरेश सर,बैजू वाल्मीकि, आकाश बाबू,राजू सर,पुष्पेंद्र शुक्ला, इंजी गौरव कुमार, एड विवेक कुमार,राज गब्बर नेता, विजय कुमार, गोलू,हीरा चक्रवर्ती, राहुल सैनी, मुकेश सैनी आदि मौजूद

# खंडेलवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने गोपाल खंडेलवाल



**मथुरा।** अखिल भारतवर्षीय खण्डेलवाल वैश्य महासभा की कल वृंदावन में आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मिति से मथुरा निवासी सीनियर सिविल अधिवक्ता गोपाल खण्डेलवाल को अखिल भारतवर्षीय खण्डेलवाल वैश्य महासभा का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

# संतों के सानिध्य से मनुष्य के कल्याण का मार्ग प्रशस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** कोकिलावन धाम के श्रीमहंत प्रेमदास महाराज ने कहा कि संतों के सानिध्य से मनुष्य के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। सोमवार को राधा माधव मंदिर में आयोजित संत सम्मेलन में प्रेमदास महाराज ने कहा कि संत सनातन धर्म के संरक्षण के साथ समाज कल्याण में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। सीताराम मंदिर के माधवदास महाराज ने कहा कि जब तक जीव का भाव भगवान भी नहीं है, तब तक उसके जीवन का कल्याण नहीं हो सकता। मानव जीवन का कल्याण संतों के सानिध्य में ही होता है। संत अपने जीवन को अग्नि में तपाकर जीव के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। पंचवटी पलवल के कान्ता दास महाराज ने कहा कि संत मनुष्य के कल्याण की ही नही बल्कि सर्वत्र प्राणियों के कल्याण की कामना करते हैं। मंदिर के महंत चौतन्यदास महाराज ने कहा कि इस घोर कलियुग में हरिनाम संकीर्तन ही जीव के कल्याण का सर्वोत्तम साधन है। परमेश्वर दास, बालक दास, फूलडोलदास, टाटबरी महाराज, रामदास फलाहारी, राधाचरन दरास, श्याम दास, रासबिहारी, गोपीकृष्ण दास महाराज ने विचार व्यक्त किए। दिगबंर सिंह, जगदीश शर्मा सुपा. नियां, वेदप्रकाश गोयल, सुभाष गोयल, गौरव फौजदार, राधा माधव धर्मार्थ एवं पुण्यार्थ सेवा समिति सचिव दिनेश बठैनियां, सचिन गुप्ता, बिजेंद्र तिवारी, राम शर्मा, रास बिहारी आदि मौजूद थे।

# दांत के मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज मशीनें पड़ी खराब, ड्रेसिंग ऑपरेशन बंद




**बदायूं।** जिला अस्पताल में दंत रोग विभाग की ओपीडी में मरीजों को सुविधाएं न मिलने के कारण काफी मरीजों को बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ रहा है।यहां काफी लंबे समय से उपकरण खराब पड़े है अभी तक सही नहीं हुए है जिसके कारण मरीजों को दांत का इलाज नहीं मिल पा रहा है। ओपीडी में आने वाले मरीजों को दवा देकर लौटा दिया जाता है। विभाग कई महीनों से उपकरणों के अभाव से जूझ रहा है। विभाग में उपकरण के खराब होने के कारण दांतों के ऑपरेशन और ड्रेसिंग सेवाएं बंद कर दी गई है जबकि दंत रोग विभाग की ओपीडी में रोजाना काफी संख्या में दांत के रोगी पहुंचते हैं, इलाज न मिलने के कारण बिना इलाज के मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। दंत रोग विभाग में मरीजों की कुर्सी, एसी, कंप्रेसर, स्टरलाइजेशन मशीन खराब होने के कारण चिकित्सक दांतों की ड्रेसिंग ऑपरेशन करने में अपनी असमर्थता जता रहे है। मरीज राजेश ने बताया कि मशीनें खराब होने के कारण दांत का इलाज नहीं हो पा रहा है। प्राइवेट चिकित्सकों से इलाज करवाने के लिए मजबूर हो रहे है भीषण गर्मी में एसी खराब होने की वजह से दंत चिकित्सक काम नहीं कर पा रहे है जिससे उनके पसीने छूट रहे है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उदास. ीनता के कारण दांत उपकरण सही नहीं हो पा रहे है, काफी लंबे समय से खराब पड़े है।

# माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों और बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शिक्षकों के साथ ही अब छात्रों की भी ऑनलाइन हाजिरी की शुरुआत करने जा रही है। रोजाना इसकी रिपोर्ट शिक्षा परिषद को भेजी जाएगी। इसके लिए यूपी बोर्ड द्वारा उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सॉफ्टवेयर भी तैयार किया जा रहा है। इस शैक्षिक सत्र से ही इसको लागू करने की तैयारी हो रही है। माध्यमिक स्कूलों में भी अब बदलाव की कवायद शुरू हो गई है। ऑफलाइन की जगह अब शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी लगानी होगी। जिले के सभी राजकीय व सहायता प्राप्त विद्यालयों मे इस सत्र से आनलाईन हाजिरी लगनी शुरू हो जाऐगी। जहां बड़ी तादाद में बच्चे शिक्षा लेते हैं। लेकिन, अक्सर स्कूलों में शिक्षकों व बच्चों की कम उपस्थिति की शिकायतें मिलती रहीं हैं। इसके अलावा बच्चों का स्कूल में प्रवेश कराकर उनके न पहुंचने की शिकायतें भी मिलती हैं। इसी पर अंकुश लगाने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन हाजिरी लगाए जाने की कवायद शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था के बाद शिक्षकों को भी समय से पहुंचना होगा।

# बिल्सी गल्ला मंडी में लेबर समुदाय ने कराया भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर की गल्ला मंडी में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन लेबर समुदाय और भक्तगणों के सहयोग से किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में नगर पालि. का परिषद की चेयरमैन ज्ञानेदवी सागर के पति ओमप्रकाश सागर ने स्वयं उपस्थित होकर भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और धर्म के प्रति आस्था को सुदृढ़ करते हैं। इस मौके पर बालजीत, महिपाल, राजीव, धारा सिंह, हरिओम, शिव शंकर, रामोतार, तेजस्वी सागर, मुनीष सागर आदि मौजूद रहे।

# अधेड का शव बरामद

**कोसीकलां।** थाना रोड पर पशु अस्पताल के समीप किसान–मजदूर प्रतिक्षालय में एक अधेड़ का शव बरामद हुआ है। मृतक की शिनाख्त नही हो सकी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अधेड़ आसपास कूडा बीनने का काम करता है तथा कई दिन से बीमार था।पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। शव के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो पक्षों के बीच हुए विवाद में दस लोगों को किया गिफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना चांदीनगर क्षेत्र के गढ़ी कलंजरी गांव में दो पक्षों के बीच में विवाद हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव के ही दो पक्षों के बीच रविवार देर रात मामूली कहा. सुनी को लेकर दोनों पक्षों में जमकर धारदार हथियार चले थें। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे और पत्थरों से हमला किया। इस दौरान कई लोग घायल हो गए थें।

रटौल थाना क्षेत्र के गढ़ी कलंजरी गांव में रविवार रात दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हुई मारपीट में दोनों ओर से कुल 9 लोग घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, गांव निवासी सौरभ पुत्र राजपाल और राहुल पुत्र राजेंद्र के बीच तीन दिन पहले दुकान पर किसी बात को लेकर कहासुनी और मारपीट हुई थी। उस समय मामला आपसी समझौते से सुलझा लिया गया था। लेकिन रविवार रात कथित रूप से सौरभ और प्रताप पहलवान के मकान पर 20-25 युवक पहुंचे और पथराव व मारपीट की। संघर्ष में बीच-बचाव करने पहुंचे धीरेन्द्र पुत्र नवल भी घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के युवक अंकित ने आरोप लगाया कि वह रात में कोल्ड ड्रिंक लेने जा रहा था, तभी गांव के चार युवकों ने उस पर हमला कर दिया। हिंसक झड़प में एक पक्ष से हनी पहलवान, भज्जी पुत्र अजीत, बंटी पुत्र प्रताप, और अनूप पुत्र धर्मवीर घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से अंकित, पालेराम, बलराज और राजेंद्र को चोटें आई हैं। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए पिलाना सीएचसी भेजा है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए दोनो पक्षों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में पालेराम, बलराज, अंकित, राजेंद्र, धीरेन्द्र, रितिक, हनी, प्रवेश, हर्ष और सौरभ शामिल हैं।



# ताला तोड़ 2 लाख के बकरे चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल मे एक मकान का ताला तोड़ चोर दो लाख के 6 बकरे चोरी कर ले गये चोरी करते समय घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी पीडित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर दी है।

रटौल निवासी शकील पुत्र जमील का बस स्टैंड के समीप दुकान और घर है। उसने बताया की रात्रि वह घर का गेट लगाकर अन्दर घर पर आकर सो गये रात्रि अज्ञात चोर ब्रेजा गाड़ी लेकर वहा पहुंचे और गेट का ताला तोड़ वहा मौजूद 6 बकरे चोरी कर ले गये सुबह जब पीड़ित परिवार जागा तो घटना का पता चला परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो घटना कैमरे मे कैद हो गयी बकरा चोरी की घटना के बाद अन्य बकरा पालकों मे भी दहशत का माहौल है। बकरा ईद के त्यौहार के नजदीक आते ही बकरा चोरी की घटना बढ जाती है पिछले वर्ष भी रटौल से 12 बकरे चोरी हुये थे पीड़ित ने रटौल पुलिस चौकी पर अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।



# वीर शहीदों की आत्मा की शांति व राष्ट्र कल्याण के लिए किया यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** भारत-पाकिस्तान युद्ध में माँ भारती की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद सैनिकों की स्मृति में छपरौली क्षेत्र के लूम गांव में सोमवार को एक भव्य और भावपूर्ण वृहत यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ गांव के प्राचीन बड़े शिव मंदिर परिसर में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य न केवल शहीदों की आत्मा की शांति एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के सभी वर्गों में एक साथ मिलकर देश की एकता अखंडता के कल्याण की कामना की सम्पूर्ण राष्ट्र के कल्याण, एकता और समृद्धि की भी कामना करते हुए देश की अमर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर गांव व क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित और सम्माननीय जन उपस्थित रहे। यज्ञ में विशेष रूप से डा. स्वदेश, डा. अरविन्द चौहान, टिंकू, बृजपाल सिंह, टीकाराम चौधरी, ऋषिपाल सिंह, मा. लखमी चंद, संजीव डायरेक्टर, हिमांशु चौहान, युवा किसान नेता विक्की चौहान, कुलदीप चौहान व उनकी पत्नी तथा पंडित सोमदत्त की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस दिव्य यज्ञ के मुख्य यजमान श्री कुलदीप चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी रहे। जिन्होंने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियाँ अर्पित कीं। यज्ञ के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण, मंत्रों की गूंज, अग्नि की ज्वाला और श्रद्धा से भरे चेहरों ने पूरे परिसर को एक अलौकिक ऊर्जा से भर दिया। ग्रामवासियों के इस सामूहिक प्रयास ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले वीर कभी भुलाए नहीं जाते। उनका सम्मान, उनकी स्मृति और उनके आदर्श पीढ़ियों तक प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। गांव के सम्मानित लोगों ने युवाओं से आहवान किया कि सभी युवा वर्ग देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन करें।



# आंधी के चलते आम बागानों को नुकसान, बागान मालिकों के चेहरों पर मायूसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मौसम के बदलाव के चलते देर शाम आयी आधीं के चलते आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। आधीं के चलते 10 प्रतिशत आम की फसल गिर गयी है जिससे आम उत्पादक मायूस है।

रटौल मे एक बड़े भू-भाग मे आम के बागान है। यहा का आम देश और विदेशों मे प्रसिद्ध है अबकी बार आम की फसल अच्छी आयी है लेकिन मौसम की मार आम की फसल को नुकसान पहुंचा रही है रविवार देर शाम अचानक मौसम खराब होने और आधीं के चलते 10 प्रतिशत आम की फसल गिर गयी जिससे आम उत्पादको को नुकसान हुआ है। आम उत्पादक हबीब खान, उमर फरीदी, बदर मेहराजुदीन ने बताया की आधीं ने नुकसान पहुंचाया है अभी आम छोटा है जो बिक्री के काम का भी नही है जिससे आम उत्पादको के साथ साथ आम बागानों के ठेकेदारों को भी नुकसान हुआ है जिससे आम उत्पादक मायूस है।



# चोरों ने किराना की दुकान का तोड़ा ताला, हजारों का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महिला थाना बागपत के निकट चोरों ने किराना की दुकान का ताला तोड़कर नगदी सहित हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली बागपत पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को करीब साढे आठ बजे मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली बागपत क्षेत्र के अर्जुनपुरम कालोनी निवासी प्रहलाद सिंह के मुताबिक महिला थाना बागपत के निकट उसकी किराना की दुकान है। सोमवार की सुबह करीब छह बजे जब वह दुकान पर पहुंचे तो घटना पता चला। आरोप है कि रविवार की रात करीब पौने 12 बजे चोरों ने किराना की दुकान का ताला तोड़कर करीब 25 हजार रुपये की नगदी, सिगरेट और कोल्ड ड्रिंक की बोतले चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली बागपत पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पीड़ित ने कोतवाली बागपत पर तहरीर देकर चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज करके केस का राजफाश करने की मांग की हैं। उधर, कोतवाली बागपत प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# महात्मा बुद्ध ने दिखाया सत्य, अहिंसा और शांति का रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सपा कार्यालय परिसर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर महात्मा बुद्ध को पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा से याद किया। इस अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने दुनिया को सत्य, अहिंसा ,और शांति का रास्ता दिखाया जिसके माध्यम से ही लोक कल्याण संभव है। उन्होने बताया कि महात्मा बुद्ध ने मध्यम मार्ग को उत्तम मार्ग बताया और दुख व उसके निवारण के लिए अष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया।

इस अवसर पर संजीव त्यागी, नगेंद्र सिंह, हाजी निजात खान, डा. शालिनी ,बिल्लू प्रधान, राहुल यादव, सन्नी सुला. निया, महबूब मलिक, शाहरुख अजमू, आशुददीन सिददीकी, इरशाद, कविता गिरी, अनुज यादव, रामबीर सिंह, सावन त्यागी ,सोनू सबगा, विक्रम पंचाल, फिरोज खान ,शौकीन, कादिर प्रधान, श्रीनिवास सुरेंद्र त्यागी ,रोहित सिंह नजामुद्दीन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एक नजर

### कबूतरबाजी कर रहे आठ लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव मे कबूतरों को उडा उस पर सट्टा लगा रहे आठ लोगो को पुलिस पकड़ थानें ले आयी जिनके खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है।

ललियाना गांव मे कबूतरों को लेकर कबूतरबाजी का शोक रखने वाले लोगो ने एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे कबूतर उडा कर दो दो हजार रूपये की प्रतियोगिता रखी गयी जिसका कबूतर देर से नीचे आयेगा वह प्रतियोगिता जीत जायेगा। बेजुबान पक्षी को इस तरहा उड़ानें की जब पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस मौकें पर पहुंची जहां से शारूख पुत्र बाबू निवासी ललियाना, वसीम पुत्र फखरूदीन निवासी रटौल,फरियाद पुत्र आबिद रटौल, साहिल पुत्र इकबाल ललियाना, इस्लाम पुत्र अफसर रटौल, जाकिर पुत्र नवाब रटौल, समीर पुत्र खलील रटौल, राजेन्द्र पुत्र श्यामसुंदर ललियाना को पुलिस पकड़ कर थाने से आयी जिनके खिलाफ थानें मे मुकदमा कायम किया गया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दीया जलाकर शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर पालिका के मैदान में सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर एक दीया शहीदो के नाम शहर कांग्रेस कमेटी बडौत शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे कांग्रेस जनों ने नगर पालिका बडौत परिसर मे पहुँच कर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर दीया जलाकर भारत पाकिस्तान संघर्ष में शहीद हुए वीर जवानों एवं जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों के प्रति दो मिनट का मोन रखकर उनकी याद मे भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई । सभी ने देश की एकता अखण्डता सम्प्रभुता की रक्षा के लिए जवानों के साहस पराक्रम दृढता आत्मीयता को नमन किया।

इस अवसर पर रन्नजय लम्बा रामकुमार मुखिया देवेन्द्र चौहान मनोज जैन डा.सुभाष शर्मा अनुज कुमार आशु पंडित बालमुकुन्द औकार दत्त शर्मा जोनमाना मीडिया प्रभारी प्रवीण रूहेला बिजेन्दर शर्मा कृष्णहरी पंवार हरबीर सिंह आदी मौजूद रहे।

### अब म्यूजियम जाने पर मिलेगा जिम्मेदार नागरिकता प्रमाण पत्र, उड़ान यूथ क्लब का अभियान हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उड़ान यूथ क्लब, जो युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र बागपत से जुड़ा हुआ है, ने एक अनोखा कार्यकम चलो म्यूजियम चलें जिम्मेदार नागरिकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के युवाओं को म्यूजियम के माध्यम से अपने गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है।

अभी तक म्यूजियम जाने की अहमियत को नज़रअंदाज किया जाता रहा है, लेकिन उड़ान यूथ क्लब अब इसे जिम्मेदार नागरिकता से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। क्लब ने इस अभियान के तहत म्यूजियम भ्रमण करने वाले प्रतिभागियों को जिम्मेदार नागरिकता प्रमाण पत्र और डिजिटल बैज प्रदान करने की घोषणा की है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को केवल इतिहास और संस्कृति से परिचित कराना नहीं, बल्कि उन्हें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी है। उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष और राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता अमन कुमार ने कहा, हमारे म्यूजियम न केवल हमारे इतिहास और संस्कृति के खजाने हैं, बल्कि यह हमें अपनी जिम्मेदार नागरिकता को समझने का मौका भी देते हैं। म्यूजियम में जाने से हमें अपनी पहचान, संस्कृति और विरासत का महत्व समझ में आता है, जो एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए बेहद ज़रूरी है। अमन कुमार ने यह भी बताया कि अभियान के पहले चरण में क्लब का लक्ष्य लगभग दो हजार युवाओं को इस अभियान में जोड़ने का है। इच्छुक प्रतिभागी भारत सरकार के माय भारत पोर्टल के माध्यम से 18 मई तक अपनी सहभागिता दर्ज कर सकते हैं। इस अभियान के अंतर्गत युवा ना केवल म्यूजियम का दौरा करेंगे, बल्कि अपने अनुभवों को साझा करेंगे, जिससे पूरे देश में म्यूजियम की अहमियत और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूकता फैलेगी। यह पहल विशेष रूप से देशभर के युवाओं को एक सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का एक बेहतरीन कदम है। उड़ान यूथ क्लब के इस अभियान को युवा वर्ग द्वारा अच्छा समर्थन मिल रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि यह पहल आने वाले समय में और भी व्यापक रूप से फैलेंगी।

# मातृ दिवस पर मातृशक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के बडोली रोड स्थित सैंट आर वी कान्वेंट स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष में मातृशक्ति को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेषता माता के लिए आयोजित विभिन्न गतिविधियों जैसे म्यूजिकल एक्ट, कुकिंग विदाउट फायर व विभिन्न प्रकार के खेल में फनी गतिविधियां रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाजस. ेवी अनुराग जैन निर्देशिका श्रीमती चारू जैन, प्रथम जैन व प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। सभी माताओ का स्वागत तिलक लगाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। मुख्य अतिथि के रूप में आए जयदेव सिंह चेयरमैन रमाला शुगर मिल, सत्यव्रत आर्य समाजसेवी एवं सोशल मीडियन इन्फ्लुएंसर पारूल चौधरी तुगाना को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पारूल चौधरी ने सभी मातृ शक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृशक्ति के बिना पूरा संसार अध. ूरा है। सभी विजेता माताओ को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया तथा कार्यक्रम की सारण करते हुए कहा कि समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। माताओ को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। सभी माताए पूर्ण उत्साह व उमंग से ओत प्रोत थी तथा प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को उतावली माताओ ने अपने-अपने अनोखे अंदाज में पकवान प्रस्तुत किए, जिनमें स्वाद, सजावट और पोषण का बेहतरीन मेल देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण तालिया और माताओ की मुस्कुराहटों के साथ हुआ जो इस दिन को अविस्मरणीय बना गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक गण का पूर्ण सहयोग रहा।




# धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** चौधरी केहर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एण्ड हॉस्पिटल में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिस दिवस बडे ही हर्षोल्लास से मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि संस्था के सचिव डा. मनीष तोमर रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर थीम प्रस्तावना के साथ प्राचार्य डा. महेन्द्र लाम्बा के द्वारा किया गया तथा सभी नर्सिंग प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर नर्सिंग प्रशिक्षिओं ने फलोरेंस नाइटैगिल की जीवनी पर प्रकाश डाला व सांक्षिप्त नाटकों के द्वारा नर्सिंग संबंधित विषयों पर जानकारी दी। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप शर्मा, ने आने वाले अतिथियों का स्वागत किया समस्त फैकल्टी व नर्सिंग- प्रशिक्षु भी उपस्थित रहें।



# उपाध्याय समाज द्वारा गुरु गोरक्षनाथ महापर्व उत्सव का प्रारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव लूम्ब में स्थित उपाध्याय ध्यान केन्द्र में उपाध्याय समाज द्वारा गुरु गोरक्षनाथ महापर्व उत्सव का प्रारम्भ यज्ञ से हुआ। उत्सव में नाथ सम्प्रदाय के इतिहास, योग, नाथ पंथ की शिक्षा-दिशा एवं गुरु गोरक्षनाथ के जीवन पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। उत्सव में अतिथियों को फूल-मालायें व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी ने कहा बटोगें तो कटोगें का उद्घोष करने वाले नाथ सम्प्रदाय के महन्त मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ की दृढ़ता नाथ पंथ के हट योग का प्रमाण है। गोरखधंधा गुरु गोरक्षनाथ की रहस्यमय विद्या है। लेकिन कुछ अज्ञानी व्यक्ति इसे तस्करी और चोर बजारी के लिए प्रयोग कर रहे है जो निन्दनीय है। विशिष्ट अतिथि संजोग उपाध्याय ने कहा गुरु गोरक्षनाथ महापर्व हम नाथ सम्प्रदाय के व्यक्तियों में एक आलोकित ऊर्जा का संचार करता है। नाथ सम्प्रदाय सनातन धर्म की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उत्सव की अध्यक्षता संसार सिंह उपाध्याय और संचालन रविकुमार एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर, रक्षिता, मधू, प्रिया उपाध्याय, कौशल, सुनीता, सोमपाल, प्रदीप कुमार उपाध्याय, जय कुमार, सुरेश, चन्द्रपाल, माल, राजीव, नरेश आदि उपस्थित रहे।



# शहीदों की याद में निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जनपद बागपत द्वारा शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सेना के सम्मान में शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में छपरौली विधानसभा की दोघट नगर पंचायत, पूसार, इदरीशपुर, भगवानपुर नांगल,के अंतर्गत सैकड़ो की संख्या में एक शौर्य तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा निकाली।

कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा पश्चिम के यशस्वी क्षेत्रीय अध्यक्ष आदरणीय तेजा गुर्जर जी एवं कार्यक्रम संयोजक भाजपा किसान मोर्चा जनपद बागपत के जिला अध्यक्ष नितिन चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सोनू माया बामनोली ने किया। इस अवसर पर तेजा गुर्जर ने कहा कि भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस प्रकरण को दिखाते हुए पाकिस्तान की सेना को घुटनों पर ला दिया जिससे वह दुनिया से जान की भीख मांगने को मजबूर हो गया। नितिन चौधरी ने कहा कि यह ट्रैक्टर रैली सेना के साहस को बढ़ाने एवं इस लड़ाई के दौरान जो लोग शहीद हुए हैं उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए निकल गई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव तोमर राजीव राणा ,वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव राठी, नरेंदर राणा व उनकी टीम, मंडल अध्यक्ष हरपाल राठी, कपिल निरपुडा, उदय टिकरी, जिला मंत्री सोनू माया, बामनौली अपने कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



# घर का खर्च चलाने की धुन में सड़कों पर भटक रहा बचपन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** केंद्र सरकार ने शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू किया हुआ है, जिसके तहत छह से 14 वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों का स्कूल में रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें शिक्षा देना अनिवार्य किया हुआ है। लेकिन इसके बाद भी कैसी पढ़ाई, कहां स्कूल और कौन अध्यापक इसके विषय में कितने मासूमों को कोई जानकारी तक नहीं है। क्योंकि उन्हें तो सुबह होते ही चंद पैसे कमाने के लालच में जान जोखिम में डालकर हाईवे पर चलते वाहनों में चढ़ उतरकर खाने पीने की चीजें बेचनी पड़ती हैं। कुछ बच्चे तो दिन भर कबाड़,प्लास्टिक और कांच की खाली बोतलें इकठी करते नजर आ जायेंगे, नगर के स्याना चौपला, टोल प्लाजा, ब्रजघाट, स्याना मेरठ मार्ग पर दाल, गोला, पानी, खीरा आदि की विक्री काफी संख्या में बच्चे कर रहे हैं। इन पर अधिकारियों की नजर नहीं पड़ रही है। जबकि सरकार ने बच्चों को स्कूल भेजने के आदेश दिए है। लेकिन यह बच्चे सुबह सात बजे से लेकर शाम नौ बजे तक बाल श्रम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। प्रतिदिन अधिकारी अपने वाहनों से यहाँ से गुजरते हैं, लेकिन इन बच्चों पर उन अधिकारियों की नजर तक नहीं पड़ती, जब दस वर्षीय एक बच्चे से वार्ता की गई तो उसने बताया कि पिता सुबह मजदूरी करने के लिए चले जाते हैं, उनके जाने के बाद वह अपने भाई के साथ यहां पर गोला और खीरा बेचने के लिए आ जाता है। जब उससे स्कूल न जाने की बात कहीं तो उसने कहा कि आज तक उनका दाखिला नहीं हुआ है। इस संबंध में एसडीएम साक्षी शर्मा ने बताया कि बाल श्रम करने वाले बच्चों को उनके घर भेजकर अभिभावकों को उनके स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जायेगा।





# गवाही देने जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकपुरा निवासी इमरान सोमवार की सुबह दुकान से सामान लेने के लिए जा रहा था। तभी पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि मुकदमे में फैसला न करने के कारण आरोपियों ने उसे जमकर पीटा। पीड़ित के पिता नसरुद्दीन ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार एक मामला अपर जिला जज गाजियाबाद न्यायालय में चल रहा है जिसकी तारीख सोमवार यानी 12 मई 2025 को नियत थी। पीड़ित इमरान का कहना है कि आरोपी उस पर फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। धमकी दी कि अगर फैसला नहीं किया तो जान से मार देंगे। विरोध पर तीनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर मोहल्ले वालों ने जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। पीड़ित के पिता नजरूद्दीन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।




# अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति ने बुद्ध पूर्णिमा पर लगाया भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** डा. भीमराव अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति ने तहसील मुख्यालय पर भंडारा और छबील लगाकर राहगीरों समेत श्रद्धालुओं को प्रसाद और शर्बत ग्रहण कराया।

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में तहसील मुख्यालय के सामने भंडारा और छबील लगाई। जहां बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने आ जा रहे श्रद्धालुओं समेत राहगीरों को ठंडा पानी और शर्बत पिलाकर इस समय पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के प्रकोप से राहत दिलाई। अम्बेड़कर आयोजन समिति के अध्यक्ष सतेंद्र प्रताप सिंह, सचिव मिलिन एड़वोकेट और कोषाध्यक्ष सतेंद्र सागर ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर भंडारा लगाया और छबील लगाकर ठंडा पानी और शर्बत पिलाने का विशेष महत्व माना जाता है। इससे पहले तथागत गौतम बुद्ध के चित्र पर श्रद्धा भाव से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलकर समाज मेंफैल रहीं कुरी. तियों से दूर रहते हुए गरीब निराश्रितों की हरसंभव मदद करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर जयकिशोर, श्रीनिवास सिंह, नवनीत कुमार, आकाश प्रताप, तिलक. राम, विनोद चन्द्रा, डा. राजेन्द्र, भीम सिंह, विनय कर्दम, अरुण, राकेश, मंगल आदि मौजूद रहे।



# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें देश की रक्षा में तैनात वीर जवानों और उनकी माताओं को विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति अपने प्यार और सम्मान का इजहार किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक ने सभी के जीवन में माताओं के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके त्याग और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें विद्यालय सचिव डा. रोहन सिंघल और प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक उपस्थित थे। बच्चों ने अपनी माताओं के लिए नृत्य प्रस्तुत किए और माताओं ने भी नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, माताओं और बच्चों ने साथ में रैंप वॉक भी किया, जिसमें सभी ने भारतीय परिधानों में अपनी अदाओं का जलवा बिखेरा। इस कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय निदेशक डा. आयुष सिंघल ने सभी माताओं से अपने बच्चों को बहादुर और देशभक्त बनाने का आहवान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की सेवा करना हम सभी का धर्म और कर्तव्य है। इस आयोजन ने माताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का एक सुंदर तरीका प्रस्तुत किया।




# बुद्ध पूर्णिमा की 2589वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बुद्ध पूर्णिमा की 2589वी जयंती बड़े ही धूम-धाम से मनाई। फ्री गंज रोड़ स्थित मोहल्ला गंगापुरा के लोगों ने बुद्धपूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध की वंदना करने के बाद नगर क्षेत्र में निकाली गई शोभा यात्रा को सम्मानित भी किया, साथ ही स्थानीय लोगों ने बुद्ध पूर्णिमा को लेकर हलवा पूरी और मीठे शर्बत का वितरण किया।

इस मौके पर दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इण्डिया के जिलाध्यक्ष प्रदीप गौतम ने बताया कि आज बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही तथागत भगवान बुद्ध का जन्म, उनको ज्ञान की प्राप्ती करना और उनकी मृत्यु, महापरिनिर्वाण संजोग से आज ही के दिन हुआ तभी तो सभी लोग इस वैशाख की पूर्णिमा के दिन यह त्योंहार मनाते हैं। इस मौके पर मास्टर अमर सिंह, घनश्याम सिंह, दीपक प्रधान, अधिवक्ता नितिन कुमार, आकाश दीप, डा. नीरज कुमार, सोनू सहाय, टीनू, गगन, लाखन, मयंक, डा. मोनू, उदित, शेखर सिंह, राहुल कस्सी, रिंकू बिरतु आदि मौजूद रहें।



# शांति निकेतन प्ले स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को शांति निकेतन प्ले स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राम अवतार भैया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य रामावतार सिंह ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। इस दिन लोग भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को याद करते हैं और शांति, करुणा और मैत्री के संदेश को फैलाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से परिचित कराने और उनके मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करने में मदद करते हैं। शांति निकेतन प्ले स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने भगवान बुद्ध की जीवनी और उनके उपदेशों के बारे में जाना। इस दौरान प्रधानाचार्य रामावतार सिंह, प्रबंधक कृष्ण अवतार, शिक्षक अमित, शुभम, अकरम, विनय शर्मा, केके गुप्ता, कविता, मुस्कान, हर्षिता, करुणा आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडौदा हिंदुवान में कस्तला कासमाबाद के एक युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। युवक को घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि युवक को मारने की नीयत से हमला किया गया।

ग्राम कस्तला दर्ज मुकदमे के अनुसार कासमाबाद निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि 11 मई की रात करीब आठ बजे उनका पुत्र दीपांशु बडौदा हिंदुवान की ओर जा रहा था। तभी ग्राम बडौदा हिंदुवान के अनुज उर्फ पाकी पुत्र निजेन्द्र, प्रशान्त पुत्र सतीश, दीपक पुत्र कैलाश, मेहर सिंह पुत्र कृष्ण और दो नामालूम व्यक्तियों ने उसे पकड़ लिया और कृष्ण के मकान के सामने ले जाकर उस पर धारदार हथियार, लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोपियों के साथ कुछ अन्य अज्ञात लोग भी थे, जिन्होंने मिलकर दीपांशु को बुरी तरह मारा, जिससे उसके सिर सहित पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं। परिजन जब गांव के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे तो हमलावर उसे मरा समझकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घायल का उपचार कराया जा रहा है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### दबंगों द्वारा अवैध रूप से दुकान कब्ज़ाने का आरोप, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड पर स्थित दुकान को दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में ज्ञान लोक कालोनी निवासी पीड़ित अमित त्यागी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पीड़ित को एक दुकान पट्टे पर दी गई थी। दुकान कुछ समय के लिए पीड़ित के भाई संजीव कुमार त्यागी के अनुरोध पर संजीव के दोस्तों को दे दी गई थी। आरोप है कि सचिन और संजीव ने मिलकर पीड़ित की दुकान पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया और सचिन कम्युनिकेशन के नाम से दुकान में मोबाइल का काम करना शुरू कर दिया। आरोप है कि जब पीड़ित ने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित अमित त्यागी ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर दुकान को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

### सड़क हादसे में पिता की हुई मौत, बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ के गांव शेरपुर से सुलेला मार्ग पर बाइक से बाइक की भिडंत हो गई, जिसमें पिता की मौके पर मौत और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। बहादुरगढ कस्बा निवासी यूनुस पुत्र नत्थू 60 वर्ष व उसका बेटा गुलजार कुरैशी शेरपुर से अपने बाग जा रहे थे। इसी दौरान सामने से शेरपुर निवासी जमरूदीन बाइक पर आ रहा था, आमने सामने से टक्कर होने से युनुस की मौके पर मौत हो गई। जबकि गुलजार गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह का कहना है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बसपा कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लगाई सबील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष एके कर्दम के नेतृत्व में अंबेडकर तिराहा मेरठ रोड पर ठंडे पानी और शरबत के वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने भगवान गौतम बुद्ध के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित किया और पुष्प अर्पित करते हुए सेवा अभियान की शुरुआत की।

पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने छबील लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा पानी और शर्बत पिलाकर इस समय पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के प्रकोप से राहत दिलाई। बसपा जिला अध्यक्ष एके कर्दम ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर छबील लगाकर ठंडा पानी और शर्बत पिलाने का विशेष महत्व माना जाता है। इससे पहले तथागत गौतम बुद्ध के चित्र पर श्रद्धा भाव से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलकर समाज में फैल रहीं कुरी. तियों से दूर रहते हुए गरीब निराश्रितों की हर संभव मदद करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी महेश कुमार टायर वाले, जिला संयोजक सतीश कश्यप, जिला सचिव राज. कुमार, एडवोकेट दिनेश, जिया परवेज, प्रदीप जाटव, पिंटू प्रधान, विपिन जाटव, राजू जाटव, अनिल तान्या, विपिन दीवान जी, रामवीर पहलवान, कलवा पेट्रोल पंप वाले, केपी सिंह, योगेंद्र जाटव, अनुराग जाटव, डा. सुनील सरकार, अशोक मुर्गे वाले सभासद आदि मौजूद रहे।




# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर में निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को त्रिविध बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक विशाल धम्म मैत्री रथयात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा देवनिदिनी अस्पताल गढ रोड से प्रारम्भ होकर पूरे शहर में भ्रमण करने के बाद देव नंदिनी अस्पताल गढ़ रोड पर समाप्त हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डा. श्याम कुमार सर्जन व वशिष्ठ अतिथि के रूप में डा. हरिओम सिंह, डा. नीलम सिंह व डा. नरेन्द्र केन उपस्थित रहे।

विशाल धम्म मैत्री रथ यात्रा का उदघाटन श्रेर्ध्य संजय त्यागी सुमित्रा मेडीकोज देवनंदिनी अस्पताल ने किया तथा दीप प्रज्जवलन डा. श्याम कुमार सर्जन, डा. नीलम सिंह, नरेश भाटी, राव विरेन्द्र सिंह प्रधान जसरूपनगर, डा. जीत सिंह, डा. योगेन्द्र सिंह, रतन लाल राही आदि ने किया। बुद्ध वंदना कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अशोक कुमार गौतम, महेन्द्र सिंह एडवोकेट, सिंद्वाकुर प्रेमी, डा. मुकेश सैनी आदि रहे। इसके पश्चात विशाल धम्म मैत्री रथयात्रा को पंचशील के झंडे दिखाकर, महेन्द्र सिंह एडवोंकेट, रामगोपाल गौतम, रोहित प्रेमी, अशोक मुर्गे वाले आदि ने रवाना किया। जिसमें हजारों की संख्या में धम्म उपासक मौजूद रहे।



# गंगा स्नान के दौरान युवक गंगा में डूबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** परिजनों के साथ बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने आया मैनपुरी का युवक तेज बहाव के साथ गंगा के गहरे पानी में पहुंचकर डूब गया, जिसकी खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर और नाविकों को खोजबीन में लगाया हुआ है।

दिल्ली में रहकर जॉब करने वाला उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी का करीब 32 वर्षीय युवक अंकित कुमार जैन सोमवार की सुबह बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष में ब्रजघाट तीर्थ नगरी में आया था। जहां गंगा स्नान करने के दौरान तेज बहाव के साथ वह गहरे पानी में पहुंचकर डूबने लगा। आसपास में स्नान कर रहे अन्य श्रद्धालुओं ने अंकित का शोर सुनते ही उसे बचाने का प्रयास किया, परंतु कुछ ही पलों के भीतर वह तेज बहाव के साथ गहरे पानी में डूब कर आंखों से ओझल हो गया।सूचना पर सीओ वरुण मिश्रा, इंस्पेक्टर नीरज कुमार और चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव आनन फानन में मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने निजी गोताखोर और नाव चलाने वाले मल्लाहों को बुलाकर गंगा में डूबे अंकित की खोजबीन में लगा दिया। परंतु शाम तक गंगा में डूबे अंकित का कोई भी अता-पता लगवाना संभव नहीं हो पाया है। एसडीएम साक्षी शर्मा और सीओ वरुण मिश्रा का कहना है कि ब्रजघाट तीर्थ नगरी में स्नान के दौरान गंगा में डूबने की घटना हो जाती है, जिनमें श्रद्धालुओं को बचाने के लिए प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को जल्द ही डिमांड भिजवाई जाएगी।



# भाकियू की मासिक पंचायत का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कैम्प कार्यालय सोमवार को मासिक पंचायत का आयोजन किया गया है। मासिक पँचायत की अध्यक्षता अमीचंद द्वारा की गई वहीं संचालन तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी ने किया।

जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि किसान व गरीब मजदूर तहसील पर चक्कर काटने को मजबूर हो रहा है क्योंकि सरकार द्वारा ड्रोन कैमरे से गावों में घरोनी बनाई गई है जिनमें अधिक्तर नाम गलत है और सही कराने के लिए तहसील मुख्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे है। इसके साथ ही किसानों की फर्द में भी नामों की त्रुटियां चल रही जिसको ठीक कराया जाए। वरना भाकियू तहसील का घेराव आंदोलन कर धरना दिया भी जाएगा। मासिक पंचायत के दौरान जिला कार्यकारणी द्वारा अनुराग गौतम को बाबू गढ़ नगरअध्यक्ष जी जिम्मेदारी सौपी गई। इस दौरान महिला विंग नीलम त्यागी, जिला सचिव राजबीरी, ब्लॉक अध्यक्ष सरिता देवी, मेरठ संगठन मंत्री महिपाल सिंह, जिला संरक्षक पीके वर्मा, कुँवर खुशनूद अली, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष माजिद चौधरी का कहना है कि जल्द किसानों का गन्ना भुगतान जल्द से जल कराया जाए ताकि किसान आर्थिक तंगी से गुजरना बंद हो जाये। साथ ही आवारा गौवंशो से किसान की फसल को भारी नुकसान हो रहा जिनको जल्द से जल्द गौशालाओं में सुरक्षित किया जाए। इस दौरान बाबूगढ़ नगराध्यक्ष अनुराग गौतम, मुनव्वर अली फैज़ान अब्बासी, राजा खेड़ा, नोशाद अल्वी, समेत जनपद, तहसील, ब्लॉक ग्राम स्तरीय पदा. धिकारी मौजूद रहे।



## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**
**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**
**जनपद हापुड़**

**मो. 9897823485, 9927631162**

**जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़**

# ट्रक चोरी के मामले में दो युवक दबोचे

**■ आरोपियों के पास से पुलिस ने एक लाख 70 हजार रुपये व दो तमंचे व कारतूस व ट्रक की फिटनेस के कागजात बरामद किए**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ट्रक चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा है, जबकि उनके साथी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पकड़े गए दोनों युवकों के पास से पुलिस ने नगदी व तमंचे बरामद किये हैं। इस मामले में पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

थाना बहेड़ी के ग्राम भिलौर से चोरी हुये ट्रक के मामले में पुलिस ने ट्रक चोरी करने वाले मुजीम पुत्र सबदर अली निवासी ग्राम मुरारपुरा थाना भोजीपुरा व रिजवान पुत्र अफसर अली निवासी ग्राम जादोंपुरा थाना भोजीपुरा को पकड़ा है। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने साथी जाफर अली और इश्हाक के साथ मिलकर ट्रक चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद उन्होंने ट्रक को पंजाब में 5 लाख रुपये में बेच दिया और पैसे आपस में बांट लिए। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने एक लाख 70 हजार रुपये व दो तमंचे व कारतूस व ट्रक की फिटनेस के कागजात बरामद किये हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है, जबकि पुलिस तीसरे आरोपी जाफर अली की तलाश कर रही है, और चौथा साथी एक अन्य मामले में जेल में बंद है।

## नदी में मिला शव नहीं हुई शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव खिलचीपुर से निकली बहगुल नदी से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। काफी देर तक पुलिस ने शव की आसपास के ग्रामीणों को एकत्र कर शिनाख्त कराए जाने की कोशिश की, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। सोमवार की सुबह पुलिस को ग्राम खिलचीपुर से निकली बहगुल नदी में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली, जिस पर तत्काल ही कोतवाल राहुल सिंह पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचे, और शव को नदी से बाहर निकलवाया। आसपास के ग्रामीणों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक की उम्र करीब 28 से 30 वर्ष के बीच होगी, वह बनियान और कत्थई नेकर पहने हुए है।

# पत्नी ने मुझे धोखा दिया लिख फंदे पर झूल गया इमरान

**■ तीन दिन तक लटका रहा शव, बदबू आई तो चला पता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** पत्नी से विवाद के बाद जोगी नवादा के मोहल्ला शेर अली गौंटिया में 32 वर्षीय इमरान अंसारी पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर झूल गया। तीन दिन तक उसका शव कुंडे से लटका रहा। जब गर्मी में पड़ोसियों को शव सड़ने से बदबू आई तो पता चला। सूचना पर जब तक पुलिस पहुंची तब तक परि. जनों ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके से एक कागज पर लिखा मिला कि पत्नी ने मुझे धोखा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार इलियास अपने तीन बेटों रिजवान, इमरान और अयान के साथ जोगीनवादा में रहते हैं। इमरान घर की दूसरी मंजिल पर रहता था। नीचे के हिस्से में माता-पिता और दोनों भाई रहते हैं। पांच साल पहले इमरान का निकाह पीलीभीत के खैरपुर, पूरनपुर निवासी गुलफशा से हुआ था। दोनों को तीन साल का बेटा हमदान है। इमरान शराब पीने का आदी था और उसका पत्नी से आए दिन इसको लेकर झगड़ा होता रहता था। इसी वजह से उसके पिता ने उसे दूसरी मंजिल पर कमरा रहने के लिए दिया था। एक महीने पहले उसकी पत्नी मायके चली गई थी। इस मामले को लेकर दो दिन बाद पंचायत भी होनी थी। एक सप्ताह पहले इमरान पत्नी से मिलने ससुराल गया था लेकिन ससुराल वालों ने गुलफशा को साथ भेजने से मना कर दिया था। इसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। शव तीन दिन पुराना हुआ तो फूल कर सड़ गया। बदबू आने पर परिजनों और पड़ोसियों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि इमरान कई बार घर से दो से चार दिन तक लापता रहता था। इसलिए उसकी किसी ने तलाश नहीं की।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदा लगा कर आत्महत्या करने की पुष्टि हुई है। इमरान का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की तरफ से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

## एक नजर

### बंधक बनाकर दुराचार करने वाले दोस्त और उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है, गांव की एक युवती का अपने पति से विवाद हो गया था, जिसपर उसने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया था, और अपने मायके आकर रहने लगी थी।

बताया जाता है कि कुछ दिनों बाद उसके पति के दोस्त राजवीर सिंह उर्फ पप्पू और उसके साथी पिंटू ने उससे संपर्क किया और पति से समझौता कराए जाने का भरोसा दिलाया था। दोनों की बातों में विवाहिता आ गई। आरोप है बीते वर्ष 8 नवम्बर को दोनों लोग उसके गांव आए, और गांव के बाहर उसे बुलाकर बोले कि तुम्हारा पति बरेली में है, चलो वहीं आमने सामने बैठकर समझौता करा देंगे। विवाहिता उनकी बातों में आकर उनके साथ बरेली गई, जहां दोनों ने महानगर के एक होटल में ले जाकर उसे बंधक बनाकर उसके साथ बारी-बारी से दुराचार किया। आरोप है कि उन्होंने इसकी वीडियो भी बना डाली, कहा कि अगर कहीं शिकायत की तो वह वीडियो वायरल कर देंगे।

आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी के चलते दोनों उसका काफी दिनों तक यौन शोषण करते रहे। विवाहिता ने अपने पति को घटना की जानकारी दी, और पति के साथ कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर पुलिस को दी। जिसपर पुलिस ने पति के दोस्त राजवीर सिंह उर्फ पप्पू पुत्र अमर सिंह ग्राम कमुआ कला थाना बिथरी चौनपुर और थाना भुता के गांव पल्ली म्यूडी के पिंटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### शिव पार्वती विवाह का मनोहारी प्रसंग और झांकियों ने भक्तों को किया भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** श्री रूद्र महायज्ञ एवं शिव पुराण कथा में चौथे दिन शिव पार्वती विवाह की कथा का सुन्दर झांकियों के साथ मनोहारी प्रसंग सुनाया गया।कथा सुन श्रोता भाव विभोर होकर ताली बजाकर हर हर महादेव का जायघोष करते नजर आए।जिससे कथा स्थल का बातावरण भक्ति मय हो गया। ज्ञात हो कि कस्बे के श्री रामलीला मैदान में चल रहे श्री रूद्र महायज्ञ एवं शिव पुराण कथा,ज्ञान यज्ञ प्रवचन सत्संग में चौथे दिन शिव पार्वती विवाह को सुंदर झांकी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आचार्य विष्णुचित महाराज द्वारा कथा सुनाई गई। आचार्य वैद्यनाथ मिश्रा जी समस्तीपुर विहार का मार्गदर्शन प्राप्त एवं आचार्य सारांश मिश्रा यज्ञाध्यक्ष द्वारा आज कथा का चतुर्थ दिवस था।कथा में कस्बे के अलाबा दर्जनों गाँवो के सैकड़ो भक्त पहुंचकर पुण्य फल पा रहे है।जिनकी सेवा में कथा आयोजन श्री हनुमान चालीसा सेवा समिति के सदस्य लक्ष्मी देवल,के.पी.शर्मा,राजीव कठेरिया,वीरेंद्र कठेरिया,त्रिमल सिंह राठौर,प्रमोद देवल राजकुमार वर्मा,राजीव गुप्ता,जसवंत राठौर आदि भक्त लगे हुए हैं।

### युवकों ने घर से खींचकर पति-पत्नी को पीटा

**पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज किया मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक ने मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर उसके व उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। लोगों के आने पर उक्त लोग आइंदा जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोहल्ला महादेवपुरम निवासी राम किशोर का कहना है कि दिनांक 11.05. 2025 की सुबह करीब 10:30 बजे राजू पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला महादेवपुरम कस्बा व थाना बहेड़ी व रजत, पवन, साजन, अरुन पुत्रगण सरवन निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व थाना बहेड़ी अपने हाथों में डंडे लेकर गन्दी गन्दी गालियां देते हुये घर में घुस आये। घर में घुसने के बाद उक्त लोग उसे व उसकी पत्नी को घर से बाहर खींच कर ले गये, और डंडों से बुरी तरह मारा पीटा। उन्हें बचाने आई उसकी पुत्री को भी उक्त लोगों ने मारा पीटा। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग वहाँ पहुंच गए, जिसपर उक्त लोग आइंदा ऐलानियां जान से मारने की धमकी देकर चले गए। युवक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कोतवाली नवाबगंज के गांव बालपुर में रिछा-जहानाबाद रोड पर रविवार रात करीब दस बजे के आसपास एक युवक किसी वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी होने पर परिवार में को. हराम मच गया।




प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली देवरनियां के गांव गिरधरपुर निवासी मोहम्मद जफर पुत्र मोहम्मद उमर उम्र 40 वर्ष मच्छरदानी फेरी के द्वारा बेचकर अपना गुजारा बसर करते थे। रविवार की रात जहानाबाद की दिशा से वह मच्छरदानी बेचकर लौट रहे थे कि गांव बालपुर के पास में उनकी मोटरसाइकिल किसी वाहन की चपेट में आ गई, जिससे विशाल एक्सीडेंट हो गया, और रोड पर सिर के बल गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने पर कुंडरा कोठी पुलिस चौकी इंचार्ज जयसिंह निगम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# कोतवाली देवरनियां के शिव मन्दिर पर कराया गया हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां में सोमवार को पुलिस द्वारा हवन कराकर प्रसाद बांटा गया। पिछले दिनों यहां तैनात पुलिस कर्मियों पर एक के बाद एक कार्रवाई हुई। पुलिस द्वारा कराए गए हवन को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे स्थित कोतवाली देवरनियां में पिछले दिनों एक एसआई समेत पांच पुलिस कर्मियों पर सस्पेंड की कार्रवाई हुई। एसएसपी द्वारा दो रोज पहले फिर एक दरोगा पर लाइन हाजिर की कार्रवाई की गई। शायद पुलिसकर्मी भी मानने लगे कि थाने के सितारे गर्दिश मे॑ चल रहे हैं।

सोमवार को बुध पूर्णिमा के अवसर पर कोतवाली परिसर में हवन कराया गया, इसमे इंस्पेक्टर दिनेश



कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम रामवीर सिंह, एसएसआई नवदीप सिंह समेत महिला सिपाही निशा कौशिक, प्रतिमा, गुटकन भाटी आदि स्टाफ ने आहूति दी। हवन पंडित खेमानन्द मिश्रा, पंडित ह्रदेश शर्मा, पंडित नरेश मिश्र ने कराया। हवन के बाद सभी को प्रसाद बांटा गया। तीनों ब्रह्माण्डों को कोतवाल ने वस्त्र व दक्षिणा देकर अर्शीवाद लिया।

पुलिस द्वारा कोतवाली में कराए गए हवन को गर्दिश में चल रहे सितारे को जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा इससे इंकार करते हुए साधारण हवन बता रहे हैं।

## सिम बेचने गए युवक के साथ झगड़ा, हाथ तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** दुकानदार के बुलाने पर एक कंपनी के सिम बेचने गए एक युवक पर दुकानदार व उसके साथियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में युवक का हाथ टूट गया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

फैज पुत्र मिराज निवासी शीशगढ़ ने बताया कि वह एक कंपनी के सिम बेचने का काम करते हैं। ग्राम जाफरपुर निवासी तालिब पुत्र जमील अहमद आए दिन फोन करके सिम लेने का बहाना करके बुलाता है। परन्तु पहुंचने पर सिम नहीं लेता है। उक्त ने आज फिर उसे फोन करके सिम खरीदने के नाम पर अपनी दुकान पर बुलाया परन्तु सिम नहीं लिए। विरोध करने पर दुकानदार तालिब ने भूरा, आसिफ व दो अन्य लोगों को बुलाकर उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में युवक का हाथ टूट गया। पुलिस ने उपरोक्त सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पाकिस्तान जिंदाबाद बोलकर पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

**■ हिंदू संगठनों के विरोध के बाद हरकत में आई पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** एक तरफ जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या किए जाने को लेकर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से तनातनी के चलते युद्ध के मुहाने पर है, तो वहीं देश के ही अंदर रहने वाले कुछ गद्दार देश-विरोधी पोस्ट कर पाकिस्तान जिंदाबाद बोल रहे हैं। ऐसी ही एक पोस्ट देवरनियां कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने अपने फेसबुक एकाउंट पर पोस्ट की, जिसके बाद कुछ लोगों की शिकायत पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

देवरनियां कोतवाली क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी मो. साजिद पुत्र शहजादे ने अपने फेसबुक अकाउंट पर देश-विरोधी पोस्ट डालते हुए पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था, और एक वीडियो पोस्ट की, जिसमें पाकिस्तान का झंडा लहराया जा रहा था। जब यह बात हिंदू संगठनों को पता चली तो उनमें गुस्सा फूट पड़ा, और उन्होंने इस पोस्ट को देश की सुरक्षा को खतरा बताते हुए देवरनियां



### थाने में युवक बोलने लगा हिन्दुस्तान जिंदाबाद

देश-विरोधी पोस्ट कर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखने और पाकिस्तान का झंडा लहराने की पोस्ट डालने वाले युवक को पुलिस जब न्यायालय में पेश करने के लिए ले जा रही थी, तभी युवक थाने॑ के॑ अंदर पाकिस्तान मुर्दाबाद, और हिन्दुस्तान जिंदाबाद बोलने लगा।

कोतवाली में इसकी शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली के एसएसआई नवदीप सिंह, एसआई कमल किशोर, सिपाही सुमित सैनी ने आरोपी युवक की गिरफ्तारी की। मामले की विवेचना एसआई कमल किशोर को दी गई है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि देश-विरोधी पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

> फेसबुक अकाउंट पर पाकिस्तान के सर्मथन में पोस्ट डालने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।
>
> **दिनेश कुमार शर्मा**
> **इंस्पेक्टर देवरनिया**

# जिले के 2.8 लाख किसानों की नहीं बनीं फार्मर रजिस्ट्री

**■ गांवों में फिर लगाए जाएंगे शिविर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले के 2.8 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन सकी है। अब तक सिर्फ 48 फीसदी काम पूरा हो सका है। ऐसे में संबंधित किसानों को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। पीएम किसाम सम्मान निधि की किस्त भी अटक सकती है।

जिले के 5.45 लाख किसान पीएम किसान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं। अधिकारियों की बेपरवाही की वजह से इनमें से अभी तक सिर्फ 2,62,226 किसानों की ही फार्मर रजिस्ट्री बन पाई है। इसको लेकर डीएम भी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं।

उन्होंने दोबारा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। उप निदेशक कृषि अभिनंदन सिंह ने बताया कि सोमवार से ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। फार्मर रजिस्ट्री के लिए खतौनी, आधार नंबर, पंजीकृत मोबाइल नंबर व बैंक खाता नंबर की फीडिंग करानी होती है। सभी दस्तावेजों पर दर्ज नाम, पिता का नाम व अन्य ब्योरे में एकरूपता नहीं होने की वजह से इसमें दिक्कत आ रही है।

> **क्या है फार्मर रजिस्ट्री**
>
> फार्मर रजिस्ट्री एक ऐसी आईडी है, जो विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए काम आएगी। इसलिए किसानों के लिए अनिवार्य है। अगर आपको अपने एंड्रायड मोबाइल फोन से फॉर्मर रजिस्ट्री नंबर जारी करना है तो आप आधार कार्ड, जमीन की खतौनी और मो. इबाल नंबर, जो आधार कार्ड से लिंक होना जरूरी है।

# पशु रोगों पर मिलकर करेंगे काम: त्रिपाठी

**■ भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का किया भ्रमण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू (एसकेयूएएसटी-जम्मू) के कुल. पति एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के पूर्व उपमहानिदेशक (पशु विज्ञान) डॉ. बीएन त्रिपाठी ने दो दिवसीय दौरे पर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई ), इज्जतनगर का भ्रमण किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक समिति कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें आईवीआरआई और एसकेयूएएसटीख्रजम्मू के मध्य अनुसंधान और शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने की संभावनाओं पर



विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए आईवीआरआई के कुलपति डा. त्रिवेणी दत्त ने डॉ. त्रिपाठी का स्वागत किया, और बैठक के एजेंडे को प्रस्तुत करते हुए दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को और व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह उल्लेख किया कि दोनों संस्थानों के बीच पूर्व में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू ) हस्ताक्षरित हो चुका है, परंतु उसके दायरे का विस्तार कर अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) गतिविधियों, छात्र एवं संकाय विनिमय जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा देने की आवश्यकता है। डॉ. त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि दोनों संस्थान मिलकर पशु शल्य चिकित्सा, नैदानिक विषयों, जैव प्रौद्योगिकी, रोग पहचान एवं रोग अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने एग्रीबिजनेस प्रबंधन, संकाय विकास एवं क्षमता निर्माण जैसे विषयों में सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

बैठक में यह सहमति बनी कि रोग निदान नेटवर्क, रोग निगरानी तथा खुरपका (फुट राट) जैसे रोगों के लिए वैक्सीन विकास हेतु संयुक्त कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दोनों संस्थानों के शैक्षणिक कार्यक्रमों में संकाय की पारस्परिक भागीदारी से शिक्षा गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। डॉ. त्रिपाठी ने सुझाव दिया कि दोनों संस्थानों के उच्च अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक दोनों परिसरों में आयोजित की जाए, ताकि अकाद. मिक और अनुसंधान सहयोग के विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जा सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में आईवीआरआई के संयुक्त निदेशक (शोध) डॉ. संजय कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक), डॉ. एस.के. मेंदिरत्ता, स्नातक समन्वयक डा. रजत गर्ग एवं परास्नातक समन्वयक डा. ज्ञानेन्द्र सिंह तथा पीएमई सेल के प्रभारी डा. समीर श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नजीटी के नियमों की उड़ाई धज्जियां

**■ कूड़ा जलाने से लोग हुए बेहाल**

**■ पुलिसिया मुखबिर बना सिरदर्द, मुखबिर के घर से कोरोना काल में पकड़ी गई थी गैस सिलेंडर की खेप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शहर में एनजीटी के नियमों की सरेआम अवहेलना हो रही है। किला थाना क्षेत्र के गुलाब नगर स्थित गौरी शंकर मंदिर के पास हर रोज कूड़ा जलाया जा रहा है, जिससे इलाके में रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। धुएं से दमघोंटू माहौल बन गया है। खासकर दमा और हार्ट के मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इलाकेवासियों का आरोप है कि यह सब एक कथित मुखबिर की शह




पर हो रहा है, जो खुद को पुलिस का आदमी बताकर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। जब मोहल्ले वाले उसे समझाने जाते हैं तो वह उल्टे धमकाते हुए कहता है कि जाओ चौकी या थाने में मेरी शिकायत करो, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ समय पूर्व इसी मुखबिर के घर में पुलिस ने छापा मारा था। कोरोना काल में वह घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध तस्करी में पकड़ा गया था, लेकिन पुलिस की साठगांठ से मामला रफा-दफा कर दिया गया। अब उसी मुखबिर ने पूरे मोहल्ले को पुलिस के नाम पर रंगदारी और धौंस का अड्डा बना दिया है।

गौर करने वाली बात यह है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने खुले में कूड़ा जलाने पर सख्त रोक लगा रखी है। बावजूद इसके न तो नगर निगम की कोई कार्रवाई दिख रही है, और न ही पुलिस इस कथित मुखबिर पर कोई शिकंजा कस रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पुलिसिया संरक्षण में बरेली की आबो हवा जहर बनती जा रही है।

स्थानीय पार्षद चंद्र प्रकाश गुप्ता ने इस मामले को उठाते हुए बताया है कि इलाके के लोग त्रस्त हैं, इस बात की शिकायत पार्षद ने स्थानीय चौकी और नगर निगम में की है, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई है।

**प्रयागराज की घटना पर प्रतिक्रिया**

# इस्लामी कलमे का अपमान करने वालों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई हो:मौलाना अदनान रजा

**■ दोषियों को जेल न भेजने वाले अधिकारियों को भी मिले सजा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नबीरा-ए-आला हजरत व ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा है कि प्रयागराज में इस्लाम के मुकद्दस कलमे को पैरों से रौंदने वालों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस शर्मनाक घटना से न केवल भारत बल्कि दुनिया भर के मुसलमानों की भावनाएं आहत हुई हैं।

यह कलमा पढ़कर और इस पर यकीन करके ही कोई शख्स मुसलमान होता है, लिहाजा इसका अपमान करने वालों के खिलाफ फौरन कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जब देश के करोड़ों मुसलमान आतंकवाद और देश के दुश्मनों के खिलाफ एकजुट खड़े हैं, तब ऐसी हरकतें करके उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाना देश का माहौल बिगाड़ने और नुकसान पहुंचाने की साजिश है, जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा कि प्रयागराज से वायरल हुए वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कौन लोग इस्लामी कलमे का अपमान कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रयागराज पुलिस ने तुरंत कड़ी कार्रवाई करने के बजाए एक विदेशी पत्रकार की ऑनलाइन शिकायत का इंतजार किया। उसके बाद भी प्रयागराज पुलिस ने एक्स अकाउंट पर केवल मुकद्दमा दर्ज किए जाने की बात बताई है, किसी गिरफ्तारी के बारे में कुछ नहीं बताया गया। नबीरा-ए-आला हजरत ने कहा कि वीडियो में कलमे का अपमान करने वालों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं।

क्या पुलिस का तंत्र इतना कमजोर हो गया है कि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। नबीरा-ए-आला हजरत ने कहा कि प्रयागराज पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई न की तो माहौल बिगाड़ने वालों की हिम्मत बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश की हुकमतों को चाहिए कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई का आदेश दें, और टाल मटोल करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई करें।

# दबंगों ने भाजपा नेता को पीटा, लूट ले गए नकदी और सोने की चेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में भाजपा नेता के साथ बाजार में दबंगों ने मारपीट की। आरोप है कि नकदी, पर्स और चेन भी लूट ली। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा मढ़ीनाथ मंडल के सेक्टर संयोजक शिवकुमार पाठक ने बताया कि वह शनिवार शाम को टहलते हुए सुभाषनगर बाजार की तरफ जा रहे थे। आरोप है कि अचानक एक बाइक और एक स्कूटी पर सवार दो लोग आए। दोनों उन्हें पकड़कर गली में ले गए और लात घूसों से पिटाई कर दी। बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। जब लोगों ने उठाया तो जेब में रखे 4500 रुपये, पर्स और सोने की चेन गायब थी। तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# खाना बनाते फटा सिलेंडर, गजरौला के दो मजदूरों की छत्तीसगढ़ में मौत

■ बारिश के कारण कंटेनर में रखकर बना रहे थे खाना, हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन रायपुर को हुए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में कंटेनर में सिलेंडर रखकर खाना बनाने के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। हादसे में गजरौला के एक गांव निवासी दो मजदूरों की झुलसकर व दम घुटने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। रात को ही परिवार के लोग शवों को लेने के लिये रायपुर के लिये रवाना हो गए थे। जानकारी के अनुसार रायपुर जिले के अभनपुर में भारतमाला सड़क परियोजना के तहत शाल. ीमार कंस्ट्रक्शन कंपनी के कैंप में रविवार शाम करीब 6:30 बजे गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर निवासी फरमान अली और शहदाब अली एव अन्य मजदूर बिलाल कंटेनर के बाहर खाना बना रहे थे। अचानक बारिश शुरू होने पर तीनों गैस सिलिंडर को कंटेनर के अंदर ले गए। खाना बनाते समय सिलिंडर में रिसाव होने से आग फैल गई। सामने का दरवाजा सिलिंडर के पास होने और पीछे का दरवाजा बाहर से बंद होने से तीनों अंदर फंस गए। आग और धुएं से तीनों बेहोश होने लगे। तीसरे मजदूर बिलाल ने किसी तरह कंटेनर की खिड़की तोड़कर



मदद के लिए आवाज दी, जिसके बाद लोगों ने उसे खींचकर बाहर निकाला। फरमान और शहदाब आग और धुएं की चपेट में आकर दम तोड़ गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच शुरू की। बिलाल को हल्की चोटें आईं। उसे प्राथमिक इलाज दिया



गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और फरमान अली व शहदाब अली के परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही फरमान और शहदाब के घरों में हादसे की खबर से कोहराम मच गया। वहीं परिजन हादसे की खबर मिलते ही रविवार की शाम को ही रायपुर के लिए रवाना हो गए। गांव के दो युवकों की मौत होने से न केवल परिजनों बल्कि ग्रामीणों में भी दुख



का माहौल है। फरमान व शहदाब दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति भी काफी कमजोर है। मेहनत मजदूरी करके ही घर का गुजारा होता है। वहीं ब्रजघाट चौकी प्रभारी नितेन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर युवकों के परिजन रायपुर के लिये रवाना हो गए हैं।

# शिक्षकों ने शिक्षा के मन्दिर को बनाया मयखाना

## बीएसए ने किया निलम्बित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दो शिक्षकों ने शिक्षा के मंदिर को मयखाना बना दिया। शिक्षण कार्य के दौरान शराब का सेवन करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। आरोपी शिक्षकों ने ग्रामीणों पर ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाया है।

स्कूलों में बच्चों को तालीम दी जाती है। स्कूलों को बहुत ही पवित्र माना जाता है।और बच्चों को शिक्षा देने वाले गुरुओं को लोग बहुत ही बड़ा दर्जा देते हैं। लेकिन दो शिक्षकों ने हसनपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव के स्कूल में शिक्षा विभाग को कलंकित करने का काम किया है। वायरल वीडियो हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव फैयाज नगर के प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है। वीडियो में स्कूल के दो शिक्षक शिक्षण कार्य के दौरान शराब का सेवन करते हुए नजर आ रहे हैं। शराब के जाम ले रहे शिक्षकों का किसी ग्रामीण ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। बाजाय गलती मानने के शराब का सेवन करने वाले दोनों शिक्षकों ने ग्रामीणों पर



ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगा दिया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की है। उनका कहना था कि स्कूलों को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है। लेकिन स्कूल में तैनात शिक्षक घिघोने कार्य करने में लगे हुए हैं। वायरल हुई वीडियो को देखने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मामले की जांच करनी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट जल्द विभाग के आला अधिकारियों को सौंपेंगे। लोगों का कहना है कि जब स्कूल में शिक्षक खुलेआम शराब पियेंगे तो उसमें पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य क्या होगा। उसकी कोई गारंटी नहीं है। वायरल वीडियो 3 महीने पुराना बताया जा रहा है।

# प्लॉट बेचने का झांसा दे हड़पे साढ़े 28 लाख

## सगे भाईयों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कैलसा रोड पर 240 गज का प्लाट बेचने का झांसा देकर 28.50 लाख रुपये हड़प लिए। बाद में न तो प्लॉट का बैनामा कराया और न रुपये वापस लिए। तगाजा करने पर आरोपी ने पीड़ित को न्यायाधीश से जान पहचान होने की बात कह कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला कोट में कारोबारी आर्येंद्र आर्य का परिवार रहता है। करीब पांच साल से उनकी जान पहचान बाईपास के रहने वाले संदीप कुमार गुप्ता से थी। आरोप है कि वर्ष 2020 में संदीप कुमार गुप्ता ने कैलसा रोड पर 240 गज का प्लाट बेचने की बात कही थी। जिसका सौदा 18500 रुपये प्रति गज के हिसाब से 40.40 लाख रुपये में हुआ था। इस दौरान पीड़ित आर्येंद्र आर्य ने संदीप कुमार गुप्ता के खाते में सात लाख रुपये आरटीजीएस कर दिए। इसके बाद 7 फरवरी 2021 तक 28. 50 लाख रुपये भगुतान कर दिया। इसके बाद आर्येंद्र आर्य ने संदीप गुप्ता से प्लॉट का बैनामा कराने के लिए कहा तो उन्होंने रजिस्ट्री नहीं कराई। लिहाजा, आर्येंद्र आर्य ने अपने रुपये वापस मांगे तो जज से अच्छी जान पहचान होने की बात कह कर धमकाने लगा। जान से मारने की धमकी दी और रुपये वापस लौटने से इनकार कर दिया। पीड़ित आर्येंद्र आर्य ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में संदीप कुमार गुप्ता और उनके भाई राजीव गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# छात्रा को यातनाएं देने वाला शिक्षक गिरफ्तार

## छेड़छाड़ के विरोध पर बन गया था हैवान, कोर्ट में दर्ज हुए पीड़िता के बयान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दसवीं की छात्रा से छेड़छाड़ करने तथा परिजनों से शिकायत करने के गुस्से में जान से मारने की नीयत से गला दबाने वाले आरोपी शिक्षक को डिडौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद सोमवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया था, रिमांड मंजूर होने पर जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, पुलिस ने पीड़ित छात्रा का मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में उसके बयान दर्ज करा दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की बेटी क्षेत्र के ही एक इंटर कॉलेज में दसवीं कक्षा की छात्रा है। कॉलेज में संविदा पर पढ़ाने वाला शिक्षक विवेक चीमा काफी समय से उसे परेशान कर रहा था। मौका मिलने पर वह अक्सर छात्रा के साथ



छेड़छाड़ करता था। बात हद से आगे बढ़ने पर बीते दिनों छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को शिक्षक विवेक चीमा की हरकतें बता दी थी। अगले दिन ही कॉलेज पहुंचे परिजनों की शिकायत पर प्रधानाचार्य ने विवेक चीमा को अपने ऑफिस में बुलाकर छात्रा के सामने ही डांट लगाई थी। इसके बाद से विवेक चीमा छात्रा से रंजिश रखने लगा था। इसके चलते बीती 19 अप्रैल को विवेक चीमा ने धोखे से छात्रा को कॉलेज के पीछे मैदान में बुला लिया था। उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया था। हमले से छात्रा बुरी तरह सहम गई थी। बदहवास हालत में घर पहुंचने के बाद नसों में सूजन आने की वजह से उसकी आवाज तक चली गई थी। इतना ही नहीं मानसिक रूप से परेशान छात्रा अपनी याददाश्त खो बैठी थी, परिजनों को पहचानने से भी इनकार करने लगी थी। करीब 15 दिन तक मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार के बाद हालत में सुधार आने पर छात्रा ने परिजनों ने उस दिन का घटनाक्रम बताया था। मामले में छात्रा के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक विवेक चीमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस तभी से उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विवेक चीमा को कोर्ट में पेश किया गया था, रिमांड मंजूर होने पर जहां से उसे बिजनौर जल भेज दिया गया है। मेडिकल कराने के बाद पीड़ित छात्रा के भी कोर्ट में बयान दर्ज करा दिए गए हैं। जल्द ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी

# गन्ने व आम की फसल को किया बर्बाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर।** थानाक्षेत्र के बागड़पुर माफी में डोरी सिंह का परिवार रहता है। उनकी 1.144 हेक्टेयर जमीन तेलीपुरा माफी तहसील हसनपुर में है। इस जमीन में भूरे सिंह गंगाराम और हेतराम सिंह सहखातेदार हैं। इस जमीन के खातों में शामिल कमल देवी ने कुछ जमीन सविंदर, रविंदर, चमनऔर विनोद को बेच दी। इसके बाद इन लोगों ने बदमाशी के बल पर 7 मई की सुबह चार बजे डोरी सिंह और उनके सहखातेदारों की गन्ने की फसल और आम के पेड़ों को ट्रैक्टर से जोत कर बर्बाद कर दिया। पीड़ित डोरी सिंह ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी का खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



■ अमरोहा। बैसाखी पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की मैत्री शांति मार्च निकालते अनुयायी।

# भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर मिलेगी मुक्ति

## बैसाखी पूर्णिमा पर शांति-मैत्री मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बैसाखी पूर्णिमा का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान गौतम बुद्ध के सिद्धांतों को जीवन में ग्रहण कर देश कल्याण की कामना की गई।

सोमवार को बेखासी पूर्णिमा पर भगवान गौतम बुद्ध जन्मोत्सव एवं समारक समिति के तत्वाधान में मैत्री शांति मार्च निकाला गया। जिसकी शुरूआत गांधी मूर्ति से हुई। मार्च का उदघाटन डा.केएस सैनी तथा राजकुमार अरूण ने पंचशील झंडा दिखाकर किया। अम्बेडकर पार्क पहुंचकर मार्च एक विचार गोष्ठी में बदल गया। जिसमें बोलते चैयरमेन डा. शशि जैन ने कहा कि भगवान बुद्ध के बताये मध्य मार्ग पर चलकर दुनिया का हर इंसान जीवन में मुक्ति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि 21वीं सदी में देश में एक बार फिर भगवान बुद्ध के सिद्धांतों की गूंज सुनाई देगी। डीवी दोहरे ने कहा कि भारत की धरती पर भगवान बुद्ध का जन्म लेना किसी नेमत से कम नहीं है। महान सम्राट अशोक ने देश को विश्व गुरू तथा अखंड भारत के रूप में दुनिया में पहचान दिलाई। इस मौके पर सोमपाल सिंह एड., नत्थू सिंह, राज अवतार, डा. डी चन्द्रा, डा. मुनेन्द्र मोहन, मुन्नालाल गौतम, देवेश कुमार, डा. रमेश चन्द्र, डीडी चन्द्रा, देवेन्द्र भगत, सत्यपाल सिंह गौतम, नितिन कुमार, ताज मौहम्मद, शब्द कुमार आदि मौजूद रहे।

# मेढ़ के विवाद में चले फावड़े चार लोग घायल

## आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर। खेत मेड़ के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और फावड़े चले। एक दूसरे पर जान से मारने की नीयत से हमला किया। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के अतरासी कलां में रहने वाले साजिद का आरोप है कि उनके समाधि रहमान और गांव के रहने वाले रईस के बीच खेतों की मेड़ को लेकर विवाद चल रहा है। दस मई को लेखपाल और पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर दोनों पक्षों को समझाकर मेड़ को ठीक करा दिया था। साथ ही लेखपाल ने मेड़ से किसी तरह की छेड़खानी नहीं करने के लिए कहा था। लेकिन, रविवार को रईस अपने ही परिवार के नायाब, फुरकान, आस मोहम्मद, नायाब का बेटा, सत्तार, आसिफ और अन्य लोग मेड़ के बगल में दीवार करने लगे। इस दौरान जरीफ अहमद और आलिम भी मौजूद थे। दीवार रोकने के लिए रहमान, सुलेमान, रुखसाना, इमरान, मोहम्मद साहब पहुंचे तो रईस और उनके परिवार के लोगों ने काम बंद नहीं किया। मौके पर मौजूद जरीफ और आलिम ने दोनों को समझाया तो रईस और उनके परिवार के लोग गाली गलौज करने लगे। जान से मारने की नीयत से डंडों से हमला कर दिया। घटना में सुलेमान, रहमान, रुखसाना, मोहम्मद और आलिम को गंभीर चोट आई। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो भाग गए।सीओ अरूण कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बैलबुग्गी की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

## शादी से लौटते समय हुआ हादसा, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** वैवाहिक कार्यक्रम में शिरकत कर घर लौट रहे बाइक सवार की भैंसा बुग्गी से जोरदार भिड़ंत होने के कारण उसकी मौत हो गई। बाइक पर बैठा दूसरा साथी घायल हो गया।

जनपद हापुड़ के गांव चक लठीरा निवासी रविंद्र और नरवीर आदमपुर कस्बे में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आये थे। सोमवार को दोनों बाइक पर सवार होकर अपने घर को लौट रहे थे। संभल हसनपुर मार्ग पर दि किसान सहकारी चीनी मिल के समीप सड़क पार कर रही बेल बुग्गी से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गये।राहगीरों ने घायलों को उठाकर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने रवींद्र आयु 18 वर्ष को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबके घायल नरवीर का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक रवींद्र पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने परिजनों को सूचना भेज दी थी।सूचना मिलने के बाद रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गये थे।

# दम्पति को पीटकर घर से निकाला, आठ पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** परिवार के लोगों ने ही दंपती के साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। दोबारा घर में घुसने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के ढकिया चमन गांव में किसान सरफराज का परिवार रहता है। उनकी पत्नी सरताज का आरोप है कि उनके परिवार के ही लोग परेशान करते हैं। पांच मई को सरताज और उसके पति सरफराज के साथ परिवार के लोगों नहीं मारपीट की और घर से निकाल दिया। दोबारा घर में घुसने पर जान से मारने की धमकी दी है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में सरताज की तहरीर पर अयान, अफसान, अफनान, शाईद, मुनीर, नौरीन फरीन, नौशीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# प्रेमी से नहीं हुई शादी तो दे दूंगी जान

## प्रेमिका ने धमकी भरा वीडियो किया वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** युवती ने प्रेमी के साथ शादी न होने पर जान देकर आत्महत्या करने की धमकी दी है। सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है।

तहसील क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में युवती कह रही है कि वह देहरी गांव के युवक से 3 साल से प्यार कर रही थी। प्रेमी युवक ने उससे शादी करने का वादा किया था। वह उससे

■ लोगों में कोतूहल का विषय बनी वीडियो

लगातार मिलने के लिए आता भी था। युवती का कहना है कि प्रेमी युवक अब दूसरे स्थान पर शादी कर रहा है। उसके परिजन उसकी जबरदस्ती दूसरी लड़की से शादी कर रहे हैं। प्रेमी युवक ने उसके साथ जीने मरने की काम भी खाई थी। युवती का कहना है यदि प्रेमी युवक के साथ उसकी शादी नहीं हुई तो वह आत्महत्या कर लेगी। युवती का साथ ही यह भी कहना है कि उसकी मौत के लिए जिम्मेदार प्रेमी युवक के परिजन होंगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे युवती के वीडियो को लोग बड़े ही चाव के साथ देख रहे हैं।

# बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी, लगा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। ब्रजघाट एवं तिगरी दोनों ही स्थानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं यातायात का दबाब बढ़ने से ब्रजघाट पुल पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने कड़ी मशक्कत से जाम खुलवाने में सफलता पाई। बुद्ध पूर्णिमा के चलते श्रद्धालुओं ने रविवार की देर शाम से ही ब्रजघाट पहुंचना शुरू कर दिया था। उन्होंने धर्मशालाओं, होटलों व गंगा तट परिसर आदि में ठहरकर रात बिताई और सुबह होते ही स्नान प्रारंभ किया। भोर होते होते गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हो गई थी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों के माध्यम से घर में सुख, स्मृद्धि के लिये हवन यज्ञ और कथा का जाप कराया। इसके बाद ब्रजघाट स्थित मंदिरों में दर्शन किए, साथ ही बाजारों से भी खरीददारी की। वहीं तिगरी में स्नान के लिये काफी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। दोनों ही स्थानों पर सुरक्षा हेतु पुलिस बल तैनात रहा। हाइवे पर भी कई स्थानों पर पुलिस पिकेट लगाई गई।

### हाइवे पर बने जाम के हालात

**गजरौला।** बुद्ध पूर्णिमा पर भारी संख्या में श्रद्धालु अपने निजी वाहनों, बसों आदि से ब्रजघाट पहुंचे तो वहीं रोजमर्रा का ट्रैफिक भी गुजरा। यातायात का दबाब बढ़ने से ब्रजघाट पुल पर जाम लग गया, काफी दूर तक वाहनों की कतारें लग गईं। तेज धूप व गर्मी से जाम में फंसे लोगों का हाल बेहाल हो गया। पुलिस ने कड़ी मशक्क्त के बाद जाम खुलवाया मगर दोपहर तक वाहनों की स्थिति रेंगने वाली ही रही।



■ गजरौला। बुद्ध पूर्णिमा पर हाइवे पर लगे जाम में फंसे वाहन।

# धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा




( सुरेश कुमार )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** संत शिरोमणि रविदास उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान बुद्ध की जयंती, बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

सोमवार को संत शिरोमणि रविदास उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान बुद्ध की जन्म जयंती, बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर समिति द्वारा सर्वप्रथम भगवान बुद्ध के चित्र दीप प्रज्वलित प्रदेश अध्यक्ष परम राम प्रसाद सागर द्वारा किया गया उसके बाद बुद्ध वंदना का कार्यक्रम किया गया।

तत्पश्चात समिति द्वारा गुरु रविदास नगर जेल रोड पर ठंडे मीठे शरबत रूह आवजा का वितरण किया गया। दोपहर 11:00 से शुरू होकर कार्यक्रम 3:00 तक कार्यक्रम चला। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी साथियों का प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सागर ने आभार व्यक्त किया।

इस पावन पर्व पर सभी राहगीरों को खूब जोश खरोश और खुशी के साथ मीठे रुवफ्ते शरबत का वितरण किया गया जो पूरे शहर वासियों ने खूब शौक से पिया और राहत की सांस ली, समिति द्वारा सभी के मंगल के लिए प्रार्थना की गई।

भगवान गौतम बुद्ध से, सबका कल्याण हो सबका मंगल हो। कार्यक्रम में शामिल निम्न लोग रहे रामप्रसाद सागर, प्रमोद कुमार सागर, एडवोकेट शिवकुमार सागर, राम सिंह खन्ना, राम बहादुर गौतम, सतपाल बादल, राजेश खन्ना, सौरभ आदित्य सागर, महेश सागर, राजू जाटव, दिनेश कुमार बबली, हिमांशु सागर, ऋषभ सागर, भारत सागर, नमन सागर, अशोक बाबू सुरेश कुमार रघुवीर सिंह आदि रहे।

# बुद्धपूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** रामगंगा नदी पर सोमवार को वैशाख मास की बुध पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पूजा अर्चना कर मांगी मन्नतें कहा जाता है कि बुध पूर्णिमा का महत्व केवल भगवान बुध के जन्म तक सीमित नहीं है बल्कि इस दिन की पावनता इसलिए भी विशेष है। क्योंकि यही वह तिथि है जब भगवान बुध को बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे गहन तपस्या के बाद सत्य और ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। बुध पूर्णिमा को आत्म शुद्धि और आध्यात्मिक जागरण का विशेष अवसर माना जाता है। वहीं रामगंगा नदी पर पूर्णिमा पर्व पर चाट पकौड़ी व बच्चों के खेल खिलौने तथा प्रसाद आदि दुकानों पर खरीददारो की खासी भीड़-भाड़ बनी रही तथा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया जिसमें पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा।

# भूमाफियाओं द्वारा महिला की जमीन पर कब्जे का प्रयास

## फसल को जोतकर किया नष्ट, एसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** दढ़ियाल मे भूमाफियाओ द्वारा महिला की जमीन पर खड़ी फसल जोतकर जमीन को कब्जाने का प्रयास दबंगो द्वारा किया जा रहा है जिसमें राजस्व विभाग व पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नही कर रहा है। महिला शिकायत करते करते थक गई है बाला देवी पत्नी गजेंद्र सिंह निवासी काशीपुर थाना आई.टी.आई की काश्त की जमीन धर्मपुर पश्चिमी थाना टांडा मे गाटा संख्या 111 है जिसकी वह मालिक काबिज है। आरोप है कि लेकिन गांव के ही कुछ भू-माफिया महिला की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहते है महिला के खेत की मैढ पर लगे यूकोलिप्टिस के पेड़ भी इन लोगों ने काट लिये जिनकी कीमत लगभग चार लाख रुपए बताई जा रही है। महिला को जब अपने खेत से पेड़ काटने की जानकारी तब उसने वहां देखा कि खेत मे खड़े पेड़ गायब है तब महिला के होश उड़ गये। जब महिला ने जानकारी की तो गांव के ही कुछ लोगों ने बताया कि तुम्हारे पेड़ गांव के ही फैज मोहम्मद, नूर हसन, जैनुल, आरिफ



पुत्र गण मुबारक अली निवासी धर्मपुर पश्चिमी थाना टांडा ने काट लिए है। तब उन लोगों के खिलाफ महिला ने थाना टांडा मे शिकायत की। लेकिन भू-माफियाओ के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की गई जिससे इन भू-माफियाओं के हौसले और बुलन्द हो गये। आरोप है कि जब महिला अपने खेत को जुतबाने के लिए ट्रेक्टर लेकर गई तब यह भू-माफिया अवैध हत्यारो व लाठी डंडे लेकर अपनी ओरतो को लेकर खेत पर पहुंच गये और महिला की साथ मारपीट व गाली गलौज करने लगे और महिला का मंगलसूत्र भी छीन लिया। महिला के साथ मे गये युवक के साथ भी मारपीट करने लगे। इसके अलावा उसकी जेब मे रखे चार हजार रूपए भी निकाल लिये शोर गुल सुनकर आस-पास के कुछ वहां पर पहुंचे तब हमलावर जानसे मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। इसकी शिकायत महिला बाला देवी पत्नी गजेंद्र सिंह निवासी वैशाली कॉलोनी निकट ऑफिस काशीपुर थाना आई.टी .आई. ने पुलिस कप्तान रामपुर से कर इन भू-माफियाओ के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# भीषण आग लगने से घर में रखा लाखों का सामान जला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** सोमवार मोहल्ला रसूलपुर में आले हसन पुत्र इब्ने हसन के घर में अचानक भीषण आग लग गई।मोहल्ले के लोगो व परिजनों में हड़कम मच गयासआग लगने की घटना से घर मे रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।मोहल्ले वालों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा घर आग की लपटों की चपेट में आ गया।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुच गई। और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक घर में रखा कीमती सामान,फ्रिज, ऐसी, फर्नीचर,कपड़े



और अन्य जरूरी वस्तुएं पूरी तरह जल कर नष्ट हो गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन पुलिस और दमकल विभाग ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।आले हसन और उनके परिवार को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन इस घटना से परिवार सदमे में है।मोहल्ले के लोगो ने बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के घरों को भी खतरा हो गया था।

# मिलक में धूमधाम से मनाया गया महात्मा बुद्ध का जन्म दिवस

( इकरार हुसैन )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर तथागत महामानव गौतम बुद्ध जी के चित्र पुष्प अर्पित किए तथा मोमबत्ती जलाकर उनको याद किया गय इस दौरान उनके जीवन पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला।

बहुजन समाज पार्टी के जिला संयोजक सुरेंद्र पाल सिंह गंगवार ने अपने संबोधन में कहा माहा मानव गौतम बुद्ध का जन्म लोक कल्याण के लिए हुआ था उन्होंने लोक कल्याण के हित के लिए तरह-तरह के प्रयोग किया यहां तक की उन्होंने 6 वर्ष इतनी कठिन तपस्या की उनका शरीर जर्जर हो गया लेकिन उन्होंने पाया कि समाज द्वारा जो धार्मिक अआंधीता का विधान बना हुआ है। यह लोगों के सुख का कारण नहीं बल्कि दुख का कारण है सत्यता यह है कि संसार में दुख तथा उनका निवारण मौजूद है मा हामानव गौतम बुद्ध जी ने लोगों को आपस में प्रेम करना सिखाया बदले की भावना से दूर रखना सिखाए। उन्होंने उंगली मार जैसी डाकू को भी अपने दो शब्दों में हिंसक प्रवृत्ति से अहिंसक बना दिया ऐसे थे महात्मा गौतम बुद्ध जबकि किसी पुराण में किसी भी धार्मिक चीजों में ऐसा उदाहरण कहीं देखने को नहीं मिलता है भगवान गौतम बुद्ध के जीवन परिचय तथा उनके द्वारा किए गए कार्य या उपदेश पर आधारित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सब संविधान में सब कुछ लिख दिया।

जिससे उनके द्वारा दिए गए उपद. ेशों को कानूनी रूप मिल गया अत:



आज गौतम बुद्ध की जयंती है इस अवसर पर सभी लोग प्रकाश उत्सव के रूप में भगवान गौतम बुद्ध जयंती को मनाएं तथा अपने-अपने घर पर मामबत्तियां जलाएं।

सभी लोगों से अपील की है कि वह मोमबत्तियां जलाकर शाम को अपने घरों में गौतम बुद्ध जयंती मनाएं। इस दौरान नवनीत यदुवंशी एड., परमानंद श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन मंडल मुरादाबाद मनोज गंगवार, शेर सिंह सागर, अर्जुन सिंह सागर, माखनलाल सागर, तेज सिंह गंगवार, देवी लाल गंगवार, हरनन्दन सागर, आशीष श्रीवास्तव एवं श्रीवास्तव सुखनंदन गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू तोमर की बैठक में उठा किसानों की समस्याओं का मुद्दा

**■ विभिन्न मांगो को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को भेजेंगे ज्ञापन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई जा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजोर अली पाशा के आवास पर हुई जिसमें किसानों की समस्याएं के बारे में जिक्र किया गया। जिसमें कहा गया कि जिला अस्पताल रामपुर की ऐसी है जो हमने कुछ ही समय पहले जिलाधिकारी को संबोधित की थी जैसे जिला अस्पताल में ओ.पी.डी. में जो महिलाओं का नॉर्मल डिलीवरी या ऑपरेशन बच्चों के जन्म पर किया जाता है उसमें पैसे की मांग की जाती है। अस्पताल में ज्यादातर डॉक्टर बाहर की दवा लिखते हैं गरीब जनता परेशान है रामपुर का अस्पताल अपनी बदहाली पर रो रहा है। संजोर अली पाशा ने कहा इसकी शिकायत हम पहले भी दे चुके हैं और इसका सर्बे जिला अधिकारी से कराया जाएगा जो डॉक्टर जनता का उत्पीड़न कर रहे हैं उनकी शिकायत जिले पर बैठे अधिकारियों से की जाएगी। मुख्यमंत्री को भी इस विषय में ज्ञापन भेजेंगे। सरकार के आदेश अनुसार काम नहीं करने वाले भ्रष्टाचारियों की लिस्ट बनाई जाएगी और हम आवाज उठाएंगे उत्पीड़न नहीं होने देंगे। इसी तरह से कई विभाग पूर्ति विभाग में किसानों को उत्प्रेरण हो रहा है जिसकी सूचना मिल रही हैं बिजली विभाग में भी सूचना मिलती हैं गरीब जनता का उत्पीड़न बंद किया जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन तोमर धरना देने पर मजबूर रहेगी। तहसीलों में लेखपालों द्वारा हो रहा किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में चांद खान, एहसान खान, कैफ खान, जुनैद खान,आरीश पाशा, मोहम्मद आरिफ सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** रविवार की शाम कांग्रेसियों के द्वारा पाकिस्तान के द्वारा सैनिक हमले में शहीद हुए जवानों को कैंडल मार्च का श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नुसरत बैग ने कहा कि हमे अपने सशस्त्र बलों पर गर्व हे जिस तरह से पहलगाम हमले का बदला सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से लिया गया हे वो काबिल ए तारीफ है।

इस दौरान शाजमान आर्यन ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को बहुत मजबूती से जवाब दिया है और पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को बर्बाद कर दिया है। भारत की सेना पर हम सबको गर्व हे पाकिस्तान की ओर से जो सैनिक हमले में शहीद हुए है हम उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते



है पूरा देश सेना के साथ खड़ा है। इस मौके पर कामरान खान ,आर्यन श्रीवास्तव, शहरोज मियां, दीपक भारद्वाज, स्पर्श शर्मा, सफल रस्तोगी, नाजिम खान ,शबी मियां, आसिफ सैफी, रेहान मलिक, फराज खान, अदनान मियां, मौलाना अलीम, अलीम मलिक, दानिश मलिक, दानिश कुरैशी, सोनू मियां, रिजवान मियां ,उबैद मियां ,इमरान खान, नाहिद मलिक ,शमी मियां आदि मौजूद रहे।

# स्वार क्षेत्र से हाजियों का पहला जत्था मदीना के लिए हुआ रवाना

**■ फूलमाला पहना कर किया हाजियों को विदा।**

( सुहैल मियॉ )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** सोमवार क्षेत्र के हाजियों का पहला जत्था हज के लिए सऊदी अरब के मदीना शहर के लिए रवाना हुआ इन हाजियों ने सोमवार सुबह 11:25 पर अपनी उड़ान संख्या 3085 एवं शाम 7:50 पर उड़ान संख्या 3079 से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सऊदी अरब के मदीना शहर के लिए उड़ान भरी मदीना शहर में यह 10 दिन रुकने के बाद मक्का शहर जाकर हज प्रक्रिया में शामिल होंगे इससे पूर्व नई दिल्ली स्थित हज मंजिल पर उनको प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जाने वाले



हाजियों में शिकारपुर के हारून अली रेहाना बी एवं मुकरमपुर के मुश्ताक हुसैन नजरूम बेगम नानकर रानी से यासीन हाजी अफसरी बेगम ग्राम छत्तरपुर से नबी अहमद आदि लोग हज के लिए सऊदी अरब रवाना हुए इससे पूर्व उनके परिजनों रिश्तेदारों एवं संबंधियों ने हवाई अड्डे पर उन्हें नम एवं भावभीनी आंखों से विदाई दी।अपने परिवार के हाजियों को विदाई देने गए लोगो मे हाफिज शानिब अली,नावेद अली,निसार अली,मुस्तफा नादिर, आसिफ अली,मुर्तजा अली आदि शामिल रहे।

# नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने बनाए मोर्चे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद पुलिस द्वारा नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न स्थानों पर मोर्चे बनाए गए हैं।

एसपी के निर्देशों पर पूरे रामपुर जिले में विभिन्न स्थान पर मोर्चे बनाए जा रहे है। जिसको देखते हुए शाहबाद नगर में भी उपनिरीक्षक आदेश कुमार के नेतृत्व में लक्खी बाग स्थित शिव मंदिर के गेट मोर्चा बनाया। बताया जा रहा है कि आतंकवादी गतिविधियों एवं किसी भी प्रकार की आपदा से तुरंत निपटने के लिए ये मोर्च साहयक सिद्ध होंगे।

# खनन से भरा डंपर बिजली पोल से टकराया लगी आग चालक बना कंकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** सोमवार स्वार रामपुर मार्ग पर ग्राम खेमपुर के पास मध्यरात्रि एक डंपर सामने से आ रही पिकअप को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर रोड किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गया। जिससे डंपर में भयानक आग लग गई और डंपर चालक मुकेश पुत्र रामप्रकाश जिंदा जलकर कंकाल हो गया।इस दौरान रोड किनारे डंपर ने भीषण आग का रूप धारण कर लिया।सूचना पर पहुची दमकल विभाग की टीम ने राहगीरों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद डंपर चालक मुकेश पुत्र रामप्रकाश निवासी डिबिया नंगला थाना सेफनी के कंकाल को बाहर निकाल कर पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस सख्त, किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस सख्ती से नियमों का पालन करानी के लिए लगातार दो पहिया हुआ चार पहिया वाहनों पर कार्रवाई कर रही है वहीं यातायात नियमों को लेकर जागरूक भी कर रही है रविवार को बिलारी चौराहा पर यातायात जागरूकता अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीएसआई अजय तेवतिया दो पहिया वह चार पहिया वाहन चालकों को को यातायात नियमों की जानकारी लेकर जागरूक किया। साथ ही उनको दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। साथ ही तीन सवारी व वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की सलाह भी दी।



# पांच दिन के अंदर विराट कोहली-रोहित का टेस्ट से संन्यास

## नौ खिलाड़ी दोनों की जगह लेने को तैयार, विराट कोहली को रिप्लेस करने के लिए श्रेयस नंबर-1

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांच दिन के भीतर भारत के दो सुपर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा।


विराट कोहली के जाने से टीम में मिडिल ऑर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं। श्रेयस अय्यर- भारत से तीनों फार्मेट में डेब्यू कर चुके श्रेयस टेस्ट में कोहली को रिप्लेस करने के नंबर-1 दावेदार हैं। वे वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण फिलहाल बाहर हैं। वे 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस के नाम 15 फर्स्ट क्लास शतक भी हैं। रजत पाटीदार- इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में पाटीदार ने ही कोहली को रिप्लेस किया था। तब विराट निजी कारणों से सीरीज नहीं खेल सके थे। हालांकि, पाटीदार 3 मैचों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को देखते हुए वे इंग्लैंड सीरीज के लिए एक बार फिर स्क्वाड में जगह बना सकते हैं। रजत के नाम 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी हैं। सरफराज खान- भारत के लिए पिछले साल ही टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज 1 शतक और 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी मैच में मौका नहीं मिला। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सरफराज का औसत 65.61 का है। वे घरेलू पिचों के एक्सपर्ट माने जाते हैं, ऐसे में विदेशी कंडीशन में उनका कोहली को रिप्लेस कर पाना मुश्किल है। ध्रुव जुरेल- 24 साल के जुरेल भारत के लिए 4 टेस्ट खेल चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अपनी टेक्निक से सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा। युवा जुरेल विकेटकीपंग भी कर लेते हैं, ऐसे में प्लेइंग-11 में शामिल होने का ज्यादा आप्शन देते हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए मैनेजमेंट उन पर भी इन्वेस्ट कर सकता है। करुण नायर-घरेलू क्रिकेट के पिछले सीजन में अपनी परफार्मेंस से सबका ध्यान खींचने वाले करुण को इंग्लैंड में भी खेलने का अनुभव है। कोहली के रिप्लेसमेंट के रूप में वे अच्छा आप्शन हैं। घरेलू मैदान पर भारत के लिए तिहरा शतक लगाने के साथ वे 23 फर्स्ट क्लास सेंचुरी भी लगा चुके हैं। रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बाल में ओपनिंग कर रहे थे। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी। शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रों. हत की जगह लेने के दावेदार हैं। साई सुदर्शन-23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफार्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी-20 खेल चुके हैं। उनकी टेक्नीक और स्किल को देखते हुए रवि शास्त्री जैसे एक्सपर्ट्स उन्हें टेस्ट टीम के लिए फिट बता चुके हैं। सुदर्शन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 शतक लगा चुके हैं और उन्हें इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का अनुभव भी है। देवदत्त पडिक्कल-24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी-20 भी खेल चुके हैं। वे इंडिया-ए टीम से लगातार फर्स्ट क्लास मैच खेलते रहते हैं। इस फार्मेट में 6 शतक लगाकर वे 2815 रन बना चुके हैं। अभिमन्यु ईश्वरन- ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित पहला मैच नहीं खेल सके, उनकी जगह स्क्वाड में ईश्वरन को ही मौका मिला था। उन्हें अब तक इंडिया डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन फर्स्ट क्लास के 101 मैचों में वे 27 शतक लगा चुके हैं। )तुराज गायकवाड- व्हाइट बाल क्रिकेट में भारत से डेब्यू कर चुके गायकवाड भी रोहित को रिप्लेस करने के उम्मीदवार हैं। हालांकि, वे घरेलू क्रिकेट में रेड बाल से ज्यादा प्राथमिकता व्हाइट बाल को देते हैं। देखना अहम होगा कि उन्हें स्क्वाड में शामिल करने के बारे में विचार होता है या नहीं। गायकवाड के नाम 7 फर्स्ट क्लास शतक हैं। रोहित और कोहली के बाद टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा ही इकलौते सीनियर प्लेयर बचे, जिनका करियर 12 साल से ज्यादा है। माना जा रहा है कि जडेजा अगर 1-2 साल में इस फार्मेट से रिटायर नहीं हुए तो उन्हें भी चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की तरह साइडलाइन कर दिया जाएगा। ईशांत शर्मा, उमेश यादव और )f( मान साहा भी कुछ प्लेयर रहें, जिन्हें रिटायरमेंट से पहले ही टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम इंडिया ने युवा प्लेयर्स पर इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया है। ऐसे में नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर पर भी गाज गिर सकती है। जडेजा के अलावा टेस्ट टीम में जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल ही थोड़े अनुभवी हैं। दोनों ने 45 से ज्यादा टेस्ट खेल लिए हैं। बुमराह 31 और राहुल 33 साल के हैं।

# मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाएः अनुष्का

## विराट कोहली के संन्यास लेने पर गंभीर बोले- शेर जैसे जुनून वाले कोहली को मिस करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** 14 साल तक टेस्ट में भारत के लिए खेलने वाले विराट ने 123 मैचों में 9230 रन बनाए। इनमें 30 शतक शामिल हैं। पूरा क्रिकेट जगत विराट के रिटायरमेंट पर प्रतिक्रिया दे रहा है।

रवि शास्त्री बोले- विश्वास नहीं हो रहा टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने कहा कि विश्वास नहीं हो रहा। आप माडर्न डे लीजेंड हैं, टेस्ट क्रिकेट में आपकी कप्तानी ने फार्मेट की दिशा बदल दी। सुखद यादों के लिए धन्यवाद, मैं इन्हें हमेशा याद रखूंगा। शास्त्री ने आगे कहा कि कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को जुनून और आक्रामकता के साथ जिया और इस फार्मेट में भारत की पहचान को नई ऊंचाई दी। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, श्वे रिकार्ड और माइलस्टोन के बारे में बात करेंगे। लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए, वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने टेस्ट क्रिकेट को दिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से विकसित होते देखना एक विशेषाधिकार रहा है। अनुष्का ने आगे इस पोस्ट में लिखा, श्मैंने हमेशा कल्पना की थी कि आप टेस्ट क्रिकेट में किसी अलग तरह से संन्यास ले लेंगे, लेकिन आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाक सुपर लीग को दोबारा शुरू करने पर विचार: पीसीबी

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद स्थगित की गई पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को दोबारा शुरू करने पर विचार कर रहा है। पीसीबी का मानना है कि अगर टूर्नामेंट के शेष मैचों के लिए विद. शी खिलाड़ी नहीं भी आ पाए तो भी वह लीग शुरू करने के लिए तैयार है। बांग्लादेश को इस महीने के अंत में टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करना है और बोर्ड इससे पहले ही टूर्नामेंट का फाइनल कराना चाहता है। पीसीबी सूत्र ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के एलान के बाद पीसीबी 16 मई से पीएसएल दोबारा शुरू करने की योजना बना रहा है। सूत्र ने कहा, फाइनल लेकर पीएसएल में हमारे आठ मैच शेष हैं और रणनीति यह है कि विदेशी खिलाड़ी के बिना भी 15-16 मई से टूर्नामेंट दोबारा शुरू किया जाए और इसे खत्म किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि कुछ विदेशी खिलाड़ी अभी दुबई में हैं, जबकि कुछ अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं।

### भारत की पुरुष व मिश्रित रिले टीमें विश्व चैंपियशनिप क्वालीफिकेशन से चूकी

**चीन, वार्ता।** भारत की पुरुष और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें विश्व एथलेटिक्स रिले 2025 से आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने में विफल रहीं। शनिवार को अपना पहला अवसर चूकने के बाद आज हुई स्पर्धा में टीमों को इस सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए अपनी हीट में शीर्ष तीन में जगह बनाने की आवश्यकता थी। मिश्रित 4गुणा 400 मीटर रिले में भारत की टी संतोष, रूपल, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:14:81 का समय निकालकर हीट 2 में 4वां स्थान हासिल किया।

## 14 साल तक लाल गेंद के खेल में दिखाया जलवा

# एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे विराट

### बोर्ड ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 14 साल तक लाल गेंद के खेल में अपना जलवा दिखाने के बाद अंतत: सोमवार को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। अब केवल कोहली एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आयेंगे। कोहली ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा कि टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनने के 14 साल हो गए। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा।

इसने मुझे परखा, गढ़ा। मैं इसे जिंदगी भर याद रखूंगा। उन्होंने कहा इस प्रारूप से दूर जाना आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है। कोहली ने जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनकी शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की और भारत को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँचाया। उन्होंने कहा कि मैंने इसमें अपना सबकुछ झोंक दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं अधिक लौटाया है। उन्होंने अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइ. निंग ऑफ'। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोहली को धन्यवाद कहा। बोर्ड ने लिखा टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। भारतीय टीम में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 30 शतक, 31 अर्द्धशतक और सात दो. हरे शतक बनाये। उन्होंने 123 टेस्ट मैच की 210 पारियों में 46-85 की औसत से की मदद से 9230 रन बनाए। इस दौरान नाबाद 254 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने 68 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी भी की, जिसमें 40 में भारत की जीत और 17 में हार का स्वाद चखने को मिला, जबकि 11 मैच ड्रॉ भी हुए।

कोहली ने 2016 और 2019 के बीच शानदार प्रदर्शन किया और उस दौर के सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज उभरकर सामने आये। उन्हें टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए वर्ष 2017 और 2018 में टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गया। हालांकि 2020 की शुरुआत में उनका फॉर्म कमजोर हुआ, लेकिन उन्होंने 2023 में फिर से वापसी की। सफेद जर्सी में उन्होंने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेला था। इस सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा।



# तन्वी शर्मा ने जीता डेनमार्क चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

## तन्वी ने फाइनल मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-13 व 21-10 से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** उभरती हुई भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने महिला एकल के फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया की नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को हराकर डेनमार्क चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने फाइनल में मुक. ाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को 21-13, 21-10 से हराया। तन्वी का यह बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल चैलेंज स्तर का दूसरा खिताब है। खेले गए मुकाबले की शुरुआत में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी संघर्ष करती दिखीं, और इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी ने 6-2 की बढ़त बनाई। हालांकि, तन्वी ने धैर्य रखते हुए स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया और मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। तन्वी ने सेमीफाइनल में इंडोनेशियाई शटलर मुटियारा आयु पुष्पितसारी पर 23-21, 19-21, 21-19 से हराया था।

# करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला की भाला फेंक स्पर्धा में जीता सोना

### करिश्मा सानिल ने 53.33 मी. के प्रयास के साथ तीन एथलीटों में शीर्ष स्थान हासिल किया

**दुबई, वार्ता।** भारत की करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला 2025 में जहां शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, एंसी सोजन और शैली सिंह लंबी कूद स्पर्धा में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। रविवार को मदर्स डे पर दुबई पुलिस क्लब स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा में 24 वर्षीय करिश्मा सानिल ने 53.33 मीटर के प्रयास के साथ तीन एथलीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। यूएई की अलियाज्या तारेक (31.04 मीटर) थ्रो के साथ दूसरे और भारत की हर्षिता सेहरावत की (16. 77 मीटर) थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रही। वूमेंस लंबी कूद में एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता भारतीय एथलीट एंसी सोजन 6.54 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भारत की शैली सिंह 6.48 मीटर की लम्बी कूद लगाकर तीसरे स्थान के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतिस्पर्धा में अरब गेम्स की चैंपियन एसरा ओविस ने 6.66 मीटर की लम्बी कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। एंसी सोजन और शैली सिंह ने शुक्रवार को इसी स्थान पर यूएई ग्रां प्री 2025 एथलेटिक्स मीट में भी हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में शैली सिंह ने 6.44 मीटर की कूद के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि एंसी सोजन 6.33 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य स्पर्धाओं में रविवार को भारत की मौमिता मोंडल (24:61 सेकेंड) ने दक्षिण अफ्रीका की तमजिन(24:15 सेकेंड) में 200 मीटर रेस में 2वां हासिल किया।

### अनाहत, वीर, रमित की हार से विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय अभियान समाप्त

शिकागो, वार्ता। विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में अनाहत सिंह, वीर चोटरानी और रमित टंडन की हार के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। लेकशोर स्पोर्ट एंड फिटनेस सेंटर में रविवार को खेले गए दूसरे दौर में 28 मिनट तक चले मुकाबले में भारत की शीर्ष रैंक वाली महिला खिलाड़ी अनाहत को मिस्र की फैरूज अबोएलखिर के हाथों 3-1 (11-7, 8-11, 11-4, 11-3) से हार का सामना करना पड़ा। 17 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहले दौर के पांच सेट में अमेरिका की मरीना स्टेफनोनी को हराकर इस स्पर्धा के एकल में जगह बनाई थी।

# भारत-पाक सीजफायर के बाद गुजरात का अभ्यास शुरू



## 16 या 17 मई से फिर हो सकता है आईपीएल, 9 मई को रोक दिया गया था

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस की। हालांकि,आईपीएल को दोबारा शुरू करने के लिए अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं है। माना जा रहा है कि आईपीएल 16 या 17 मई से फिर से शुरू हो सकता है। 9 मई को आईपीएल को रोक दिया गया था भारत-पाक के बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल को 9 मई को एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया था। फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए है। वहीं 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को भी बीच में ही रोक दिया गया था। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए 10.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। हमलों के बीच मैच रोकना पड़ा था। गुजरात पाइंट्स टेबल में टॉप पर आईपीएल रोके जाने तक लीग स्टेज के 57 मैच खत्म हो चुके थे। 58वां मैच बीच में रोका गया। 57 मैच के बाद पाइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सबसे ज्यादा 16-16 पाइंट्स रहे। बेहतर रन रेट के कारण जीटी टॉप पर रही। आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेडयूल जल्द जारी होगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी। वहीं, पीटीआई ने एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेडयूल में प्लेआफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था। आईपीएल 2025 जीतने की दावेदार गुजरात टाइटंस शुरुआत से ही आईपीएल 2025 को जीतने की बड़ी दावेदार रही है। अभी इस टीम के 3 खिलाड़ी आरेंज कैप की रेस में हैं। साई सुदर्शन (509 रन), शुभमन गिल (508) और जोस बटलर (500 रन) बना चुके हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप भी फिलहाल गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी के पास है। गुजरात के प्रसि( कृष्णा 20 विकेट लेने के साथ पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। गुजरात के अभी 3 मैच बाकी हैं और वह टेबल के टॉप-2 में जगह पक्की कर सकती है।

# एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषित

## एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन एंटवर्प और बर्लिन में खेला जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने 14 से 29 जून तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषणा कर दी है।

एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में खेला जायेगा। इस लीग भारत, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के बीच दो-दो मैच खेले जायेंगे। भारत 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम का कप्तान सलीमा टेटे को बनाया गया है जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर टीम की उप-कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम हैं। चयनित डिफेंडरों में सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री शामिल हैं।

मिडफील्ड में वैष्णवी विठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान और नेहा शामिल हैं, जबकि हमलावर मिडफील्डर सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे हैं। फॉरवर्ड लाइन में दीपिका, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा शामिल हैं। अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में गोल. कीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना कुजूर शामिल हैं।

# सम्पादकीय

मंगलवार , 13 मई 2025

## पीएम का संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सायं आठ बजे देश की जनता को सीधे संबोधित किया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान को सीधे आतंकवाद को लेकर ललकारा साथ ही अपनी सेना को इस बात के लिए बधाई दी कि उन्होंने अपने काम को बहुत ही बेहत तरीके से अंजाम दिया। आतंकवाद के विरुद्ध चलाए ऑपरेशन सिंदूर को उन्होंने महिलाओं के प्रति समर्पित करते हुए कहा कि जो भी हमारी महिलाओं के सिंदूर के साथ खिलवाड़ करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन रुकने वाला नहीं है। जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का साथ देता रहेगा सिंदूर ऑपरेशन जारी रहेगा। छह-सात मई की रात हमारी भारतीय सेना ने जिस तरह सीमापार जाकर पाक के आतंकियों को धूल चटाई और उनके तमाम ठिकाने ध्वस्त किए जिनमें 100 आतंकियों की जान चली गई। यह देश और दुनिया को बताने के लिए काफी है कि भारत अब चुप रहने वाला नहीं है। उन्होंने सीधे विश्व समुदाय को आह्वान करते हुए यह कहकर चेताया कि कश्मीर पर जब भी बात होगी तो वह उस कश्मीर पर बात होगी जिस पर पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। जाहिर है वह एक तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान को खारिज कर रहे थे जो उन्होंने सीजफायर की घोषणा करते हुए कहा था कि वह कश्मीर के विवाद को सुलझाने के लिए सहयोग देने के लिए तैयार है। जाहिर है यह भारत का स्टैंड नहीं है भारत हमेशा से कहता रहा है कि वह कश्मीर को लेकर तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। भारत-पाक के बीच बातचीत को लेकर उन्होंने दो टूक कहा ट्रेड और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ जारी नहीं रह सकते। मतलब साफ है यह पाकिस्तान के लिए सीधी चेतावनी है कि वह अगर भारत के साथ बातचीत करना चाहता है। तो उसे आतंकवाद की फैक्ट्री बंद करनी ही होगी। उन्होंने भारत में निर्मित रक्षा उपकरणों का भी जिक्र किया और कहा कि उनकी सटीकता के चलते ही पाक घुटनों पर आया और दुनिया से सीजफायर के लिए गुहार लगाता रहा। उन्होंने भारत के स्टैंड का जिक्र करते हुए कहा कि भारत भी युद्ध नहीं चाहता, लेकिन उन्होंने याद दिलाया कि शांति का रास्ता भी शक्ति के माध्यम से निकलता है इसलिए भारत का मजबूत होना भी बेहद आवश्यक है और भारत इस पर बेहतर तरीके से काम कर रहा है। जिस तरह सीजफायर हुआ उसको लेकर देश के भीतर कई तरह की बाते चल रही है। कुछ लोग इसके पक्ष में दिखाई दे रहे थे तो ऐसे लोगों की कमी भी नहीं जो कह रहे थे कि भारत को सीजफायर पर पाक को पूरी तरह सबक सिखाए बिना सहमत नहीं होना चाहिए था। इन तमाम बातों का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लिया। अपने लगभग 22 मिनट के संबोधन में देशवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि देश सुरक्षित हाथों में है।

## देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे



मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता और सरकार को इस संबंध में ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए, देश की वर्तमान परिस्थिति में लोगों के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि देश के राजनेता, , बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और कानूनी विशेषज्ञ एक साथ बैठकर देश की जनता के समक्ष उपस्थित विभिन्न समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श करें, वर्तमान परिस्थिति में सभी का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभाएं, देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे हैं और सरकार भी देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने में प्रयासरत दिखती है।

**तारिक अनवर , सांसद**
**अध्यक्ष , अखिल भारतीय कौमी तंजीम**

# कोहली का टेस्ट सन्यास: क्रिकेट के सबसे महान अध्यायों में से एक

डॉ. सत्यवान सौरभ



भारतीय क्रिकेट के महान इतिहास में विराट कोहली का नाम ऐसे चमकता है जैसे कोई सितारा। पिछले चौदह वर्षों में कोहली ने एक ऐसी धरोहर बनाई है, जो न केवल उनके अभूतपूर्व आंकड़ों के लिए बल्कि खेल के प्रति उनकी जुनून, तीव्रता और नेतृत्व क्षमता के लिए भी याद रखी जाएगी। जैसे ही वे टेस्ट क्रिकेट से विदा लेते हैं, यह केवल एक खिलाड़ी का नहीं, बल्कि क्रिकेट के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो आने वाली पीढ़ियों तक चर्चा का विषय रहेगा। विराट कोहली, जिन्हें आधुनिक क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने 21वीं सदी में क्रिकेट खेलने का



तरीका ही बदल दिया। उनके आक्रामक बल्लेबाजी, प्रेरणादायक नेतृत्व और खेल के प्रति निष्ठा ने क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनकी यात्रा केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों की नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट की वह प्रक्रिया है, जहां टीम की मानसिकता, दृष्टिकोण और दृष्टि उनके नेतृत्व में विकसित हुई।

### संक्रमण के दौर में एक पथप्रदर्शक

जब विराट कोहली ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि वे क्रिकेट की दुनिया में इतनी बड़ी छाप छोड़ेंगे। उस समय भारत क्रिकेट के एक संक्रमण काल से गुजर रहा था। दिग्गज खिलाड़ी जैसे सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण के संन्यास के बाद भारत को एक नए नेता की आवश्यकता थी, और कोहली ने इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाया। कोहली का क्रिकेट में प्रवेश आक्रामकता और सफलता की इच्छा से भरा था। पहले के खिलाड़ियों की तुलना में जो अधिक संयमित और नियंत्रित थे, कोहली का खेल तरीका एकदम अलग था। उन्होंने क्रिकेट के नियमों को तोड़ा और अपने आक्रामक खेल, फिटनेस के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की आकांक्षा से भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी। जल्दी ही भारतीय टीम फिटनेस और आक्रामकता के एक नए युग का प्रतीक बन गई और कोहली इस बदलाव के सिरमौर थे।

### टेस्ट क्रिकेट में

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में रिकॉर्ड स्वयं में एक मिसाल है। 27 टेस्ट शतक के साथ, वे वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। भारत के लिए, वे सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 8,000 से अधिक टेस्ट रन और अद्वितीय औसत के साथ, उन्होंने क्रिकेट के इस सबसे कठिन प्रारूप में खुद को साबित किया है। लेकिन कोहली की महानता केवल उनके आंकड़ों में नहीं, बल्कि इस बात में भी है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को कैसे पुनः परिभाषित किया। उस दौर में जब तेज गेंदबाज और चुनौतीपूर्ण पिचें अक्सर प्रमुख रहती थीं, कोहली ने बिना किसी डर के अपने कौशल का परिचय दिया। चाहे इंग्लैंड की स्विंग करती पिचें हो या भारत की स्पिनिंग पिचें, कोहली ने हर चुनौती का सामना किया। उनकी यात्रा 2014 में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंची, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद खुद को और बेहतर बनाने का फैसला किया। उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया और अब वे टेस्ट क्रिकेट के सबसे सशक्त बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। कोहली ने न केवल रन बनाए, बल्कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के लिए एक नया मानक स्थापित किया।

### नेतृत्व: मैदान पर और मैदान के बाहर एक क्रांति

कोहली का व्यक्तिगत प्रदर्शन भले ही अद्वितीय हो, लेकिन उनका नेतृत्व ही उनकी असली धरोहर है। 2017 में, कोहली ने भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली और महेन्द्र सिंह धोनी से यह जिम्मेदारी ली। कोहली के नेतृत्व में भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक मजबूत और सफल टीम के रूप में पहचान बनाई। उनकी कप्तानी में भारत ने प्ब्ब टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 का स्थान लंबे समय तक बरकरार रखा।

कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत हासिल की, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई। उनकी कप्तानी में भारत ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या वेस्ट इंडीज की धरती हो। उनका नेतृत्व न केवल रणनीतिक था, बल्कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में व्यक्तिगत जिम्मेदारी और जवाबदेही का भी माहौल बनाया। कोहली का नेतृत्व भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक लेकर गया।

### टेस्ट क्रिकेट: कोहली की कठोरता की पहचान

टेस्ट क्रिकेट का असली उद्देश्य धैर्य, तकनीक और मानसिकता की परीक्षा लेना है। यह एक खिलाड़ी की चरित्र की वास्तविक परीक्षा होती है। कोहली ने बार-बार यह साबित किया कि उनके पास टेस्ट क्रिकेट में सफल होने की सारी क्षमताएं हैं। उनका समर्पण इस प्रारूप के प्रति हमेशा स्पष्ट था। कुछ क्रिकेटर जहां टी20 लीग और वनडे क्रिकेट की ओर आकर्षित होते हैं, वहीं कोहली ने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी। इस खेल में उनकी उपस्थिति यह सुनिश्चित करती थी कि भारत हमेशा एक मजबूत बल्लेबाज के साथ मैदान में उतरे।

कोहली के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक उनकी कठिन परिस्थितियों में बनाए गए शतक हैं। 2014 में एडिलेड में उनका शतक एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां उन्होंने भारतीय टीम की गिरावट के बीच अपनी अद्वितीय बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इसी तरह दक्षिण अफीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके शतक उनके टेस्ट क्रिकेट में अपार योगदान को दर्शाते हैं। लेकिन यह सिर्फ रन बनाने की बात नहीं थी। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को खेलने के तरीके में भी बदलाव किया। उनका मानना था कि टेस्ट क्रिकेट को उत्साह और उद्देश्य के साथ खेलना चाहिए। उनका मानसिकता हमेशा यह थी कि टेस्ट क्रिकेट खेल का सबसे शुद्ध रूप है, और उनका लक्ष्य था कि वे इसमें जितना हो सके योगदान दें। यही कारण है कि जब वे अपने टेस्ट करियर से विदाई ले रहे हैं, तो यह उनके खेल के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा और सम्मान को दर्शाता है।

### कोहली का प्रभाव: आंकड़ों से कहीं बढ़कर

जब विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से विदा ले रहे हैं, तो इसे केवल उनके आंकड़ों में ही नहीं देखा जाना चाहिए। उनका वास्तविक प्रभाव भारतीय क्रिकेट की संस्कृति पर था। जब कोहली ने भारतीय टीम की कप्तानी संभाली, तो उन्होंने क्रिकेट के प्रति खिलाड़ियों के दृष्टिकोण में एक क्रांति ला दी। उनकी फिटनेस पर जोर, कड़ी मेहनत की प्रतिबद्धता और हर छोटी-से-छोटी बात पर ध्यान देने का तरीका यह दर्शाता है कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनका प्रभाव भारतीय क्रिकेट की युवा पीढ़ी पर गहरा था, जो आज भी उनकी प्रतिबद्धता और आक्रामकता से प्रेरित होकर खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। कोहली केवल एक क्रिकेटर नहीं हैं, बल्कि एक ब्रांड, एक आदर्श और खेल के प्रति एक मिशन के प्रतीक हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि केवल अच्छा क्रिकेट खेलने से ही सफलता नहीं मिलती, बल्कि आपको समर्पित, केंद्रित और महानता की ओर लगातार बढ़ते रहना पड़ता है। उनका मानसिक धैर्य और कार्य नैतिकता भविष्य की पीढ़ियों के लिए मानक बन गया है।

### एक महानता को अलविदा

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक युग का अंत है। उनके योगदान, उनके नेतृत्व और उनके खेल के प्रति समर्पण को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। कोहली के संन्यास के बाद, क्रिकेट की दुनिया उनकी आक्रामकता, उनकी तीव्रता और उनकी शानदार क्रिकेट बुद्धिमत्ता को याद करेगी। लेकिन जो कुछ भी बचा रहेगा, वह यह है कि एक खिलाड़ी ने केवल अपने रन ही नहीं बनाए, बल्कि भारतीय क्रिकेट को एक नई पहचान दी। कोहली ने जो काम किया, वह न केवल आंकड़ों में है, बल्कि उस भावना में है जिसे उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में डाला। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत का नाम टेस्ट क्रिकेट में हमेशा सबसे ऊपर रहे।

# ओट्स को रोजाना नाश्ते में खाना हो सकता है नुकसानदायक

नाश्ते को दिन का पहला मील कहा जाता है और इसलिए आप जो भी खाते हैं, उसका सीधा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। यही वजह है कि हर किसी को हेल्दी ब्रेकफास्ट करने की सलाह दी जाती है। अमूमन लोग ओट्स को एक हेल्दी नाश्ता मानते हैं। यह कहा जाता है कि ओट्स को वज़न कम करने के लिए काफी अच्छा कहा जाता है। कई बार लोग रोज ही ओट्स खाना शुरू कर देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि हर दिन ओट्स खाना उतना भी अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है।

जी हां, इस बात में कोई दोराय नहीं है कि ओट्स हेल्दी होते हैं, लेकिन जब रोज़ाना एक ही चीज़ खाई जाए, जिसमें ना कोई वैरायटी, ना बैलेंस, तो उसका उल्टा असर भी हो सकता है। ओट्स में फाइटिक एसिड होता है, जो मिनरल्स को ठीक से अब्ज़ॉर्ब नहीं होने देता। इसके अलावा ओट्स में प्रोटीन कम होता है, जिससे आपको जल्दी भूख लग जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि हर दिन ओट्स खाने से आपको क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।



### मील हो जाता है बोरिंग

अगर हम रोज़ एक ही चीज़ खाते हैं, चाहे वो कितनी भी हेल्दी हो, तो शरीर उसमें से सिर्फ कुछ ही पोषक तत्व ले पाता है। साथ ही, हर दिन एक जैसा स्वाद मिलने की वजह से तरह-तरह की फूड क्रेविंग्स बढ़ने लगती हैं। ऐसे में कुछ टेस्टी मतलब तला-भुना या मीठा खाने का मन करता है। इससे कहीं ना कहीं आप अपने गोल्स से भटकने लगते हैं।

### फाइटिक एसिड से होता है नुकसान

ओट्स में फाइटिक एसिड मौजूद होता है, जो शरीर में आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे ज़रूरी मिनरल्स को पूरी तरह से अब्जॉर्ब नहीं होने देता। इसलिए, अगर आपको पहले से ही कमजोरी या आयरन की कमी रहती है, तो रोज़ ओट्स खाने से आपकी समस्या बिगड़ सकती है।

### प्रोटीन की कमी

आपका नाश्ता ऐसा होना चाहिए, जिसमें मैक्रो न्यूट्रिएंट्स बैलेंस हों। लेकिन ओट्स में प्रोटीन बहुत कम होता है। अगर आप बिना अंडा, पनीर, सीड्स या प्रोटीन पाउडर के ओट्स खा रहे हो, तो ऐसे में आपको नाश्ते में प्रोटीन मिल ही नहीं रहा। इससे होता ये है कि दो घंटे में फिर से भूख लग जाती है और एनर्जी भी लो हो जाती है।

***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारत व पाकिस्तान से सीजफायर के बाद कई अनसुलझे प्रश्न बाकी हैं

अशोक भाटिया



भारत और पाकिस्तान ने सीजफायर का ऐलान कर दिया है। बीते कई दिनों से दोनों देशों के बीच भयंकर तनाव चल रहा है। यह तनाव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से शुरू हुआ, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। आज भारत के विदेश सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सूचना दी कि दोनों देश अब एक दूसरे पर किसी भी प्रकार का हमला नहीं करेंगे। दोनों देश केवल अमेरिकी मध्यस्थता के कारण युद्धविराम के लिए सहमत हुए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत की, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के लिए सहमत हुए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दोनों देशों को बधाई दी। अमेरिका ने पहले घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम है और बाद में भारत ने इसकी पुष्टि की। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बाद भारत ने घोषणा की थी कि हवाई, थल और समुद्र से हमले रुके जाएंगे, लेकिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घोषणा की है कि आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा।

सीजफायर से दोनों देशों पर हमले रुकेंगे और फायरिंग, ड्रोन और मिसाइलों का प्रवाह रुकेगा, लेकिन क्या पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद नहीं रुकना चाहिए। पहलगाम या पुलवामा में निर्दोष नागरिकों और सुरक्षा बलों की भयावह हत्याओं को अंजाम देने वाले आतंकवादी सामने आने चाहिए। उन्हें किसने प्रशिक्षित किया, उन्हें हथियार और स्वचालित बंदूकें किसने दीं? उन्हें किसने भेजा? उन्हें किसने कहा कि हिंदू पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने गोली मारकर गोली मार दें और पूछें कि उनका धर्म क्या है? नरसंहार के बाद उन्हें



**भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए**

किसने छिपाया? किसने उनकी रक्षा की? क्या युद्धविराम के बाद इन सवालों के जवाब मिल पाएंगे? क्या अमेरिका पाकिस्तान को इन सवालों के जवाब देने के लिए मजबूर करेगा? क्या सीजफायर से पाकिस्तान में सुधार होगा? इसकी गारंटी कौन देगा? यदि युद्ध कुछ दिन और जारी रहता तो पाकिस्तान भारत की शक्तिशाली और कुशल सेना के सामने फंस जाता। आंतरिक अशांति पाकिस्तान को और विभाजित कर देती। अमेरिका ने दोनों देशों पर युद्धविराम के लिए दबाव डाला। अमेरिका दो दिन पहले कह रहा था कि जब दोनों देशों के बीच तनाव होगा तो हम शामिल नहीं होंगे, तो अचानक क्या हुआ? युद्धविराम से किसे फायदा होगा? अगर आतंकवाद जारी है तो संघर्ष विराम क्यों, और किसके लिए? पिछले चार दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में प्रवेश किया है और आतंकी शिविरों पर हवाई हमले किए हैं और पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है। 22 अप्रैल, 2025 को आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में प्रकृति का आनंद लेने आए 26 पर्यटकों को गोली मार दी, उनसे उनका धर्म पूछा। परिवार की महिलाओं के सामने अपने पतियों की हत्या कर दी। जाके मोदी से कह दो कश्मीर के स्वर्ग में अपने परिवारों के साथ गई महिलाएं अपने पति के शव के साथ अपने घरों को लौट आईं। आतंकी हमले का बदला लेने के लिए, भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने दुनिया को एक संदेश भेजा। नागरिकों के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, आतंकवादियों के लिए कोई अच्छा नहीं है। पहलगाम नरसंहार के बाद पूरी दुनिया ने देखा कि पाकिस्तान और आतंकियों के बीच का रिश्ता कितना करीब है। भारत ने अक्सर दुनिया के सामने सबूत पेश किया है कि पाकिस्तान और आतंकवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। भारत में आतंकवाद के मास्टरमाइंड मसूद अजहर के रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में पाकिस्तान में वर्दी में पुलिस और सेना के अधिकारी शामिल होते हैं। भारत ने इसकी क्लिप और तस्वीरें दुनिया के सामने पेश की हैं, पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आतंकी ब्रिगेड बनाई जाती हैं, भारत में खून-खराबा करने के लिए उन्हें आधुनिक हथियारों के साथ भारत भेजा जाता है और पाकिस्तान की सरकार उनकी रक्षा भी करती है। आतंकवाद ने न केवल भारत को बल्कि दुनिया के अनगिनत देशों को प्रभावित किया है। आम लोग शांतिपूर्ण जीवन जीना पसंद करते हैं, लेकिन पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद ने भारत में शांति और दैनिक जीवन को बार-बार दागदार किया है। पाकिस्तान उन आतंकवादियों को पसंद करता है जो भारत जाते हैं और बम विस्फोट, रक्तपात और नरसंहार करते हैं। जिनके माता-पिता, जिनके बच्चे, जिनके रिश्तेदार, उनके कुछ पड़ोसी आतंकवाद के शिकार हुए हैं। आतंकवादियों ने बंदूकें उठा ली हैं और भारत में अनगिनत महिलाओं की खोपड़ियां मिटा दी हैं।

लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद उन लोगों में से थे जिन्होंने भारत पर आतंकवादी हमले किए थे। आतंकवादियों ने 13 दिसम्बर, 2001 को भारत के सबसे बड़े संसदीय लोकतंत्र दिल्ली में संसद भवन पर हमला किया। आतंकवादियों ने 2002 में अक्षरधाम मंदिर पर हमला किया। 26 नवम्बर, 2008 को आतंकवादी समुद्र के रास्ते मुंबई आए और हमले को अंजाम दिया। बम विस्फोटों में 166 निर्दोष लोग मारे गए और 300 से अधिक घायल हो गए। मुंबई पुलिस अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने में कामयाब रही। उन्होंने पाकिस्तान में ही आतंकवाद की ट्रेनिंग ली थी। भारत ने उसे दुनिया को पाकिस्तान के आतंकी चेहरे के रूप में दिखाया।

## सीमाओं की शेरनियां

**वे उठीं जब घने अंधेरों से,**
**ध्वंस की छाया से, मरुस्थल की लहरों से,**
**हर कण में थी बिजली की चमक,**
**हर सांस में था गर्जन का तड़प।**

**सरहदों की सलाखों पर बसी,**
**उनकी आंखों में बसी थी ध्रुव तारा की रोशनी,**
**उनके कदमों में बंधी थी,**
**धरती की धड़कन, पर्वतों की अटलता।**

**वे बसीं उस कोहरे में,**
**जहां दुश्मन की सांसें कांपें,**
**जहां बारूदी सुरंगें भी बिछ जाएं,**
**उनके हौसलों के आगे।**

**रक्त से सींचा है जिन्होंने इतिहास,**
**वो लहरें बनीं अभेद्य दुर्ग,**
**नरम दिलों में फौलाद उगा कर,**
**हर बार खड़ी हैं वे, एक नई परिभाषा।**

**सीमाओं की शेरनियां हैं वे,**
**धरती की हिम्मत, आसमान की ऊंचाई,**
**हर बार लिखेंगी वे नया इतिहास,**
**जब तक सांस है, जब तक तिरंगा है।**



प्रियंका सौरभ

# अमेरिका-चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति

## 115 प्रतिशत टैरिफ घटाया, अब यूएस 30 और चीन 10 प्रतिशत टैरिफ एक दूसरे पर लगाएंगे

**जेनेवा।** अमेरिका और चीन के बीच जेनेवा में ट्रेड डील पर सहमति बन गई है। दोनों देशों ने टैरिफ में 115 प्रतिशत कटौती का ऐलान किया है। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीनी सामानों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं चीन, अमेरिकी सामानों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। दोनों देशों के बीच टैरिफ में यह कटौती फिलहाल 90 दिनों के लिए हुई है। जिनेवा में दो दिनों की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ है। चीन के साथ चल रहे ट्रेड वार के बीच इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बड़ी जीत माना जा रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेन्ट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने ट्रेड डील को लेकर हुई बातचीत के बाद मीडिया से बातचीत की। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा-यह घाटा कम करने के लिए अच्छी डील व्हाइट हाउस ने 11 मई को एक बयान में चीन व्यापार समझौते की घोषणा की थी। हालांकि व्हाइट हाउस ने तब इसकी डिटेल नहीं दी थी। चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लीफेंग ने कहा था कि जिनेवा में सोमवार को एक जाइंट स्टेटमेंट जारी किया जाएगा। वहीं, उप वाणिज्य मंत्री ली चेंगगैंग ने कहा कि इसमें दुनिया के लिए अच्छी खबर होगी। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे व्यापार घाटा कम करने के लिए एक डील बताया, जबकि चीनी अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अहम सहमति बनी है और नए सिरे से आर्थिक बातचीत शुरू करने पर सहमति हुई है। पिछले महीने ट्रम्प ने चीनी सामानों पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगा दिए थे, जिसके बदले चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया था। जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सालाना 600 अरब डॉलर का व्यापार लगभग रुक गया था। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने पत्रकारों को बताया, दोनों पक्ष बहुत जल्दी एक समझौते पर पहुंच पाए, इससे पता चलता है कि शायद मतभेद उतने बड़े नहीं थे जितना पहले सोचा जा रहा था। हालांकि, इन दो दिनों की बातचीत से पहले काफी तैयारी की गई थी।



## अमेरिका-चीन के बीच शुल्क कटौती भारत के लिए अवसर

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) ने कहा है कि चीन और अमेरिका द्वारा हाल ही में एक-दूसरे की वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती के प्रस्ताव को दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार के क्षेत्र में तनाव में महत्वपूर्ण कमी को दर्शाता है। फियो इसमें भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों देख रहा है। चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर आयात-शुल्क 90 दिनों के लिए 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने और चीन पर अमेरिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर टैरिफ को 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने का पारस्परिक प्रस्ताव, दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव में महत्वपूर्ण कमी दर्शाता है। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने माना कि हालांकि इस तरह के घटनाक्रम वैश्विक व्यापार स्थिरता के लिए मोटे तौर पर सकारात्मक हैं, लेकिन वे भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों चीन-अमेरिका के इन फैसलों से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और रसायन जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में अमेरिका-चीन द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होने की संभावना है। इससे दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे तीसरे बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, जहां भारत ने हाल ही में अमेरिका-चीन व्यापार व्यवधानों का लाभ उठाकर अपनी पैठ बनाई है। हालांकि, भारत इस बदलाव का लाभ फार्मास्युटिकल एपीआई, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, कार्बनिक रसायन और आईटी-सक्षम सेवा जैसे उन क्षेत्रों में निर्यात को मजबूत करने के लिए उठा सकता है, जो अमेरिका-चीन व्यापार से अपेक्षाकृत अछूते हैं। फियो अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि भारत को अपनी तरजीही व्यापार पहुंच को सुरक्षित और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साथ गंभीरता से बातचीत करनी चाहिए, तथा एक विश्वसनीय वैकल्पिक स्रोत गंतव्य के रूप में अपनी भूमिका पर जोर देना चाहिए। रल्हन ने कहा कि टैरिफ कटौती की अस्थाई प्रकृति के कारण कंपनियां मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं के तहत भारत में विनिर्माण का विस्तार करके भविष्य की अस्थिरता से बचाव कर सकती हैं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो घटकों और वस्त्रों में। उन्होंने कहा कि फियो इस उभरते परिदृश्य पर नजर रखेगा, तथा भारत के व्यापार हितों की रक्षा और संवर्धन सुनिश्चित करने के लिए नीति निर्माताओं के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

## चीन में भूकंप के तेज झटके

**ल्हासा।** दक्षिण-पश्चिम चीन के शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में ल्हाजे काउंटी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार सोमवार सुबह 5:11 बजे महसूस किए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

भूकंप का केंद्र 28.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई में केंद्रित था। काउंटी के स्थानीय अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि भूकंप का जोरदार झटका महसूस किया गया, जिससे कुछ निवासी जाग गए। भूकंप के बाद काउंटी ने तुरंत प्रतिक्रिया उपाय शुरू किए, इसके टाउनशिप ने प्रभाव का आकलन किया। काउंटी से अग्निशमन और बचाव दल को भूकंप के केंद्र पर भेज दिया गया है।

जांच-पड़ताल



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अदुल्ला हाल ही में सीमा पार से हुई गोलीबारी के बाद प्रभावित लोगों की स्थिति का आकलन करने के लिए पुंछ पहुंचे।

# भारत-पाक के बीच खतरा अभी टला नहीं

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक चला संघर्ष 10 मई की शाम 5 बजे थम गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर दोनों के बीच सीजफायर की घोषणा की। इसके बाद दोनों देशों के अधिकारियों की तरफ इसकी पुष्टि की गई। 4 दिनों तक चले संघर्ष के बाद हुए इस सीजफायर पर लेकर दुनियाभर की मीडिया का रिएक्शन भी आया। अमेरिका मीडिया ने सीजफायर के लिए ट्रम्प को क्रेडिट देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूसरी तरफ कुछ अखबारों ने सीजफायर के बाद भी खतरे की आशंका जताई। न्यूयार्क टाइम्स ने सीजफायर पर रिएक्शन देते हुए लिखा कि भारत-पाकिस्तान के बीच खतरा अभी टला नहीं है। एलवाईटी के मुताबिक आने वाले समय में ऐसे और भी संघर्ष हो सकते हैं। भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन इस संघर्ष में बहुत कुछ नया था। नई मिलिट्री टेक्नोलाजी ने हवाई हमलों को तेज कर दिया है। पहली बार दोनों के संघर्ष में सैकड़ों हथियारबंद ड्रोन भी शामिल हुए। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि अमेरिका ने भारत-पाक में संघर्ष विराम कराने में मदद की, लेकिन पूछा कि क्या यह टिक पाएगा। चार रात तक भारत और पाकिस्तान के प्रमुख शहरों के आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते रहे। परमाणु हथियार से संपन्न पड़ोसी देश पूरी तरह युद्ध की तरफ बढ़ रहे थे। फिर अचानक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्षविराम की घोषणा कर दी। सीएनएन ने लिखा-सबसे भयानक लड़ाई के खत्म होने की उम्मीद जगी, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू होता दिख रहा है। दोनों पक्षों ने इस सहमति पर अपनी प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसकी वजह से दो परमाणु हथियार वाले देशों के बीच दशकों में हुई सबसे बड़ी रुक गई है। फ्रांसीसी अखबार फ्रांस 24 ने 10 मई की शाम हुए सीजफायर और उसी रात सीजफायर उल्लंघन पर प्रतिक्रिया दी। अखबार ने लिखा कि रात भर चली चली झड़पों के बावजूद भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर जारी है। भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम पर ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। अपने विश्लेषण में द गार्जियन ने लिखा कि भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन दशकों विवाद और शत्रुता अभी भी कायम है।



इमरान रजा अपने पिता, बीएसएफ सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि देते हुए जिन्होंने जम्मू जिले में ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी।

# इजरायल ने फिर किया गाजा में हमला, 16 लोगों की मौत

## आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं हुईं शिकार

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजरायल की तरफ से हवाई हमले लगातार जारी है, वहीं ताजा हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसे लेकर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं शिकार बने हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि जबालिया इलाके में एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में कम से कम पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। इसने यह भी बताया कि कई लोग घायल हुए हैं। इस मामले में इजरायली सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौत के लिए हमास को दोषी ठहराती है क्योंकि उसके लड़ाके घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं। नवीनतम हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। बता दें कि, यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जा रहे हैं। दो महीने पहले युद्धविराम समाप्त करने के बाद, इजरायल गाजा पट्टी में युद्ध को और तेज कर रहा है, जहां भोजन, दवा और अन्य आपूर्ति पर 10 सप्ताह की नाकाबंदी के कारण मानवीय संकट और भी बदतर हो गया है।



## अफगानिस्तान में खदान ढही, तीन की मौत

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में रविवार को बेशकीमती पत्थरों की एक खदान का एक हिस्सा ढहने से तीन खनिकों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के अधिकारी मोहम्मद कामगर के हवाले से सोमवार को यहां टोलोन्यूज ने बताया कि कल अश्कशिम जिले में बेशकीमती पत्थरों की खदान में काम कर रहे खनिक अचानक खदान का एक हिस्सा ढह जाने से दब गए। इससे तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि इस वर्ष मार्च के अंत में इसी तरह की एक दुर्घटना में बदख्शां के पड़ोसी तखर प्रांत में दो स्वर्ण खनिकों की जान चली गई थी।

# इजरायल ने यमन बंदरगाहों पर हमले किए

**सना।** इजरायली सेना ने रविवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह प्रांत में तीन बंदरगाहों पर हवाई हमले किए। यमन के विद्रोही समूह हौती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार निकासी की चेतावनी जारी करने के तुरंत बाद इजरायली सेना की ओर से ए हमले किए गए। हमलों में होदेइदाह, रास इस्सा और अस-सलिफ बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, जो सभी लाल सागर के किनारे स्थित हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय निवासियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि हौती कार्यकर्ता हमलों से पहले ईंधन की खेप प्राप्त करने के लिए बंदरगाहों को तैयार कर रहे थे। हमलों से लगभग 40 मिनट पहले इजरायल ने कथित तौर पर नागरिकों को क्षेत्रों को छोड़ने की चेतावनी दी थी। इससे पहले दिन में, ब्रिटिश समुद्री व्यापार संचालन ने भी जहाजों को हौती-नियंत्रित बंदरगाहों के पास के जल क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी थी। यह हमला मंगलवार को इजरायली हवाई हमलों के जवाब में किया गया, जिसमें सना में दर्जनों लोग मारे गए और राजधानी के हवाई अड्डे को नष्ट कर दिया गया, जिसमें तीन वाणिज्यिक विमान भी शामिल थे। रविवार के हमले हाल के हफ्तों में हौथी-नियंत्रित बंदरगाहों पर इजरायली हमलों की श्रंखला में नवीनतम हैं, उन क्षेत्रों में ईंधन की बढ़ती कमी के बीच। पिछले हफ्ते, ओमान ने घोषणा की कि उसने हौथियों और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक युद्धविराम समझौता कराया है, जिसके तहत हौथियों ने हौथी ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमलों को रोकने के बदले में लाल सागर में अमेरिकी जहाजों पर हमलों को निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की। गौरतलब है कि हौती समूह ने शुक्रवार को इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली।

# भारत से तीन मुद्दों पर बातचीत हो: आसिफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। जियो न्यूज से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। वहीं पाकिस्तान के केंद्रीय मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्रॉक्सी को भी हराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान पर दोबारा हमला करने से पहले दो बार सोचेगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान और भारत के लिए इन मुद्दों को हल करने का एक बड़ा मौका है। दोनों देशों के बीच ज्यादातर संघर्ष कश्मीर मुद्दे के कारण हुए हैं। पाकिस्तान के संघीय गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्राक्सी को भी हराया जाएगा।

## इंडोनेशिया में विस्फोट से चार सैनिकों समेत 13 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में सोमवार को इस्तेमाल करने की अवधि समाप्त हो चुके गोला-बारूद को नष्ट किए जाने के दौरान कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंडोनेशियाई सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल वाह्यु युधायाना ने बताया कि यह घटना जकार्ता समयानुसार सुबह 9:30 बजे गरुट रीजेंसी के सागरा गांव में हुई। पीड़ितों में चार सैनिक और नौ नागरिक शामिल हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इंडोनेशियाई सेना के चार कर्मी और समुदाय के नौ सदस्य मारे गए। उन्होंने कहा कि दो छेदों में विस्फोट सफलतापूर्वक किया गया हालांकि, जब टीम तीसरे छेद में डेटोनेटर तैयार कर रही थी, तो एक अप्रत्याशित विस्फोट हुआ।

# 3400 करोड़ का विमान गिफ्ट में मिलेगा ट्रम्प को

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दुनिया का सबसे महंगा तोहफा मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रम्प को तोहफा में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3400 करोड़ रुपये) है। ट्रम्प मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है। यह तोहफा किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रम्प को यह तोहफा अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक इसमें समय लग सकता है। 2029 में राष्ट्रपति ट्रम्प का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस विमान का इस्तेमाल किया जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इस विमान को अस्थाई रूप से एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान होता है। फिलहाल ट्रम्प का निजी विमान ट्रम्प फोर्स वन एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था।

कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने इस बात से अब तक इनकार किया है कि प्लेन तोहफा में दिया जा रहा है। बीबीसी के मुताबिक सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है। ट्रम्प के कार्यकाल के अंत में यह प्लेन उनकी लाइब्रेरी को दान कर दिया जाएगा। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि तोहफा मिलने के बाद भी ट्रम्प इस प्लेन का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।




सुरक्षा मंजूरी मिलने में कुछ समय लग सकता है। ट्रम्प तोहफा में मिले लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट का इस्तेमाल कुछ सालों बाद ही कर पाएंगे। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान दो बोइंग 747 को आधुनिक बनाने के लिए एक सौदा किया था, जिसका इस्तेमाल नए एयर फोर्स वन विमान के रूप में किया जाता। लेकिन बोइंग के साथ हुए सौदे में बार-बार देरी के कारण बजट से 2 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। बोइंग ने कहा कि प्लेन की डिलीवरी में साल 2027 तक का वक्त लग सकता है। ट्रम्प इससे नाराज हुए थे। उन्होंने कहा था कि वह विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद ट्रम्प फरवरी में कतर के 747-8 प्लेन को देखने गए थे। तब यह प्लेन फ्लोरिडा में पाम बीच एयरपोर्ट पर खड़ा था। ट्रम्प ने कहा था कि वे बोइंग से खुश नहीं हैं। वे बहुत लेट डिलीवरी करते हैं, ऐसे में हम एक प्लेन खरीद सकते हैं, या कहीं से हासिल कर सकते हैं।